CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुःख-विमुक्ति का उपाय



संकलनकर्ता–पारसमल भंडारी

सौ० कमलादेवी पारसमल जैन (भंडारी) ट्रस्ट
वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

.17.4

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुःख-विमुक्ति का उपाय

☎ S:333530 R:310194
कमला जरी स्टोर
दुदेरी बाजार, वाराणसी
No.

संकलनकर्ता

पारसमल भंडारी

सौ०कमलादेवी पारसमल जैन (भंडारी) ट्रस्ट

वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुस्तक - दुःख-विमुक्ति का उपाय

संकलनकर्ता - पारसमल भंडारी

मूल्य - नित्य स्मरण एवं स्वाध्याय

प्रकाशक -सौ०कमलादेवी पारसमल जैन (भंडारी) ट्रस्ट, वाराणसी

फोन - ३३३५३०, ३१०१९४, ३१४३८०

प्राप्ति स्थान

कमला निलय, ए - ९९ रवीन्द्रपुरी,

लेन न० - २, भेलूपुर,

वाराणसी - २२१००५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



चिन्तामणि भेलूपुर, पार्श्वनाथ भगवान्, वाराणसी

॥ शाम प्रतिमा शोभती, सुरपति नित पुजंस ॥
॥ सप्त फणा प्रभु पार्श्वने, वंदु वार अनंत ॥
॥ जगपति जगनायक तुहि, जगजीवन भगवंत ॥
॥ प्रणमुं पद पंकज तारा, वाराणसी पार्श्व जिनंदा ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सौ० कमला देवी भंडारी

वाराणसी

जन्म – श्रावण सुदी १५ दिनांक २८–०८–१९३१ ई० शुक्रवार, रक्षाबंधन

स्वर्गवास–कार्तिक वदी ३ दिनांक १७–१०–८९ ई० मंगलवार, करवाचौथ

पूज्य माताश्रीना पुण्य स्मरणार्थे

विजयलक्ष्मी भंडारी, राजेन्द्र भंडारी, अशोक भंडारी

कांता भंडारी, चंद्रा भंडारी

कनिका, राजुल, राहुल एवं पूनम भंडारी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पू० आचार्य देव राजयश सूरीश्वरजी म० सा० के

शुभाशिष

श्री पारसमलजी अपनी पुस्तक की द्वितीय आवृत्ति प्रकाशित कर रहे हैं। बड़े आनंद की बात है। पुस्तक पढ़ना, धार्मिक पुस्तक संवेग एवं वैराग्यपूर्वक पढ़ना, स्वाध्याय है। ऐसे स्वाध्याय में जीवन के जो क्षण व्यतीत होते हैं, सार्थक है। अनंत ज्ञान राशि की विशालता का ख्याल हमें पढ़ते-पढ़ते ही होता है। हमें भान होता है कि हमारा ज्ञान कितना सीमित है और साहित्य विश्व कितना महान है। श्री पारसमलजी ने तो पुस्तक का संपादन कार्य भी किया है, अतः स्वाध्याय बहुत अच्छी तरह से हुआ ही होगा। श्री बनारस पार्श्वनाथ भगवान् की सेवा करते-करते यह अनुपम लाभ मिला है, सराहनीय है।

पाठकगण केवल पुस्तक संग्रह में वृद्धि न कर, आप का प्रयत्न सफल करें। मैं तो बार-बार यही कह रहा हूँ कि यह मनुष्य जीवन आत्मा से परमात्मा बनने के लिए ही है। अतः इस पुस्तक का सदुपयोग आत्मा से परमात्मा बनने में करें।

इस पुस्तक में बहुत से मंत्र दिये गये हैं। पाठकगण ख्याल रखें कि सद्गुरू से मन्त्र दीक्षा लेकर ही मंत्रो के उपयोग से सिद्धि होती है। यह पुस्तक पढ़कर आप में सद्गुरू के चरणसेवा की प्यास पैदा होगी। आखिर सारी सिद्धिओं के अंत में हमें "नमो सिद्धाणं" पद में ही प्रवेश करना है।

पाठकगण, श्री पारसमलजी एवं खुद भी स्वल्पकाल में सिद्ध बनने में समर्थ बनें।

प्रभु पार्श्व, माता पद्मावती की कृपा श्री बनारस तीर्थ एवं इस पुस्तिका पर, श्री पारसमलजी पर बनी रहे, यही शुभाशिष।

आचार्य वि. राजयशसूरि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीवन–सौरभ

यह संसार एक उपवन है। जिसमें प्रतिदिन मानव रूपी सैकड़ों पुष्प खिलते हैं और मुर्झा जाते हैं। यह सृष्टि का शाश्वत क्रम है कि जो खिलता है वह मुर्झाता भी है, जो जन्म लेता है वह मरता भी है। आना और जाना यही संसार का क्रम है। आनेवाले को जाना ही होता है। मृत्यु जीवन का अनिवार्य सत्य है। चाहे व्यक्ति राजा हो या रंक, विद्वान् हो या मूर्ख, सम्पत्तिशाली हो या निर्धन, कोई भी इस नियम का अपवाद नहीं है। अधिक क्या, तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती और वासुदेव भी इस नियम के अपवाद नहीं रहे। मृत्यु मानव शरीर की अपरिहार्य परिणति है। मनुष्य इस संसार में चाहे जितना शरीर की सुरक्षा का प्रयत्न करे, किन्तु एक दिन उसे मृत्यु का ग्रास बनना ही पड़ता है। जन्म और मृत्यु के बीच का जो अन्तराल है, उसे ही हम जीवन कहते हैं। उसमें मनुष्य क्या नहीं करता ? राग–द्वेष, अहंकार आदि न जाने कितने ही अच्छे–बुरे कर्म करता है। उसका पूरा जीवन दौड़–धूप और आपाधापी में चला जाता है और एक दिन वह असहाय सा सब कुछ छोड़कर चलता बनता है, रह जाते हैं मात्र कुछ स्मृति–चिह्न, जो यश–अपयश के रूप में उसकी जीवन–शैली को बताते रहते हैं। व्यक्ति की यह जीवन–शैली ही उसकी मृत्यु के बाद उसको समाज में जीवित बनाए रखती है। किसी कवि ने कहा है–

जब हम पैदा हुये, जग हँसे हम रोए।
करणी ऐसी कर चलो, हम हँसे जग रोए।।

वस्तुतः वे ही व्यक्ति धन्य होते हैं, जो अपनी जीवन–शैली के द्वारा सभी के प्रिय और श्रद्धेय बन जाते हैं।

श्रीमान् पारसमलजी भण्डारी की पत्नी श्रीमती कमलादेवी भी अपने जीवन की ऐसी सुवास छोड़ गईं कि उनके निधन से न केवल उनके परिजनों को, अपितु जो भी उनके सम्पर्क में आये उन सभी की आँखे नम हो गई। उनके जीवन में इतनी सहजता और स्पष्टता थी कि जो भी उनके परिचय में आता, एक आत्मीय–भाव का अनुभव करता। सरलता और सहजता – ये मानवीय मूल्यों में सर्वोपरि कहे जा सकते हैं। वे इसी सरलता और सहजता की प्रतिमूर्ति थीं। शास्त्र में कहा गया है कि धर्म सरल चित्तवाले व्यक्तियों में ही स्थित रहता है और इसी अर्थ में वे धर्मात्मा थीं। परोपकार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और सेवा उनका दूसरा बड़ा गुण था। वे सदैव इस हेतु प्रयासरत रहती थीं कि उन्हें कहीं सेवा का अवसर उपलब्ध हो। जब कभी आश्रम में दर्शनार्थ आतीं, यहीं कहतीं कि मेरे योग्य कोई सेवा कार्य कहें। सरलता और सेवा–भावना – ये उनके ऐसे सद्गुण थे; जिनके कारण वे आज भी हम सभी की स्मृतियों से ओझल नहीं होतीं। शरीर ही नहीं अपितु भौतिक सम्पन्नता भी मनुष्य को संसार में चिरंजींवी नहीं बनाती। उसे चिरंजीवी बनाते हैं, उसके सद्व्यवहार और सेवा–भावना। जीवन में यह महत्तवपूर्ण नहीं है कि हमने अपने लिए क्या किया, महत्त्वपूर्ण है हम दूसरों के सुख–दुःख में कितने सहभागी बनें। समाज और दुःखी मानवता के लिए हमने क्या किया ? कमलादेवी में उदारवृत्ति और सेवा–भावना ऐसे सद्गुण थे जिनके कारण वे मरकर भी अमरता की पथिक बन गईं। उनका जीवन उनके परिजनों और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना रहे, यही मात्र शुभ भावना है।

–साध्वी (डॉ.) प्रमोद कुमारी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूमिका

जिनभक्ति और जिनपूजा सम्बन्धी अनुष्ठानों का उद्देश्य भी लौकिक उपलब्धियों एवं विघ्न–बाधाओं का उपशमन न होकर व्यक्ति का अपना आध्यात्मिक विकास ही है। जैन साधक स्पष्ट रूप से इस बात को दृष्टि में रखता है कि प्रभु की पूजा और स्तुति केवल भक्त के स्व–स्वरूप या जिन – गुणों की उपलब्धि के लिए है। आचार्य समन्तभद्र स्पष्ट रूप से कहते हैं कि हे नाथ ! चूँकि आप वीतराग हैं, अतः आप अपनी पूजा या स्तुति से प्रसन्न होने वाले नहीं है और आप विवान्तवैर हैं, इसलिए निन्दा करने पर भी आप अप्रसन्न होने वाले नहीं हैं। आपकी स्तुति का उद्देश्य केवल अपने चित्तमल को दूर करना है –

न पूजयाऽर्थस्त्वयि वीतरागे, न निन्दया नाथ ! विवान्तवैरे।
तथापि ते पुण्यगुणस्मृतिर्नः, पुनातिचित्तं दुरिताऽजनेभ्यः।

इसी प्रकार एक गुजराती जैन कवि कहता है–

अजकुलगतकेशरि लहेरे निजपद सिंह निहाल।
तिम प्रभुभक्ति भवि लहेरे निज आतम संभार।।

जैन परम्परा का उद्घोष है– 'वन्दे तद्गुण लब्धये' किन्तु जिनदेव की एवं हमारी आत्मा तत्त्वतः समान है, अतः वीतराग के गुणों की उपलब्धि का अर्थ है स्व–स्वरूप की उपलब्धि। इस प्रकार जैन अनुष्ठान मूलतः आत्मविशुद्धि और स्वस्वरूप की उपलब्धि के लिए है। जैन अनुष्ठानों में जिन गाथाओं या मन्त्रों का पाठ किया जाता है उनमें भी अधिकांशतः तो पूजनीय के स्वरूप का ही बोध कराते हैं अथवा आत्मा के लिए पतनकारी प्रवृत्तियों का अनुसरण कर उनसे मुक्त होने की प्रेरणा देते हैं। जिनपूजा के विविध प्रकारों में जिन पाठों का पठन किया जाता है या जो गीत आदि प्रस्तुत किये जाते हैं, उनका मुख्य उद्देश्य आत्मविशुद्धि ही है। इस अर्थ में वैदिक परम्परा में प्रचलित अनुष्ठानों से जैन परम्परा के अनुष्ठान भिन्न हैं, वैदिक अनुष्ठानों का लक्ष्य मनुष्य जीवन की विघ्न–बाधाओं का उपशमन कर उसका ऐहिक हित साधन करना है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यद्यपि जैन अनुष्ठानों की मूल प्रकृति अध्यात्मपरक है, किन्तु मनुष्य की यह एक स्वाभाविक कमजोरी है कि वह धर्म के माध्यम से भौतिक सुख–सुविधाओं की उपलब्धि तथा उनकी उपलब्धि में बाधक शक्तियों के निवर्तन के लिए भी धर्म से ही अपेक्षा करता है। वह धर्म को इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट के शमन का साधन मानता है। मनुष्य की इस स्वाभाविक प्रवृत्ति का यह परिणाम हुआ कि जैन परम्परा में भी अनुष्ठानों का आध्यात्मिक स्वरूप पूर्णतया स्थिर न रह सका, उसमें विकृति आ गयी। जैनधर्म का अनुयायी आखिर वही मनुष्य है, जो भौतिक जीवन में सुख–समृद्धि की कामना से मुक्त नहीं है। अतः जैन आचार्यों के लिए यह आवश्यक हो गया कि वे अपने उपासकों की जैन धर्म में श्रद्धा बनाये रखने के लिए जैनधर्म के साथ कुछ ऐसे अनुष्ठानों को भी जोड़ें जो अपने उपासकों के भौतिक-कल्याण में सहायक हों। निवृत्तिप्रधान अध्यात्मवादी एवं कर्मसिद्धान्त में अटल विश्वास रखने वाले जैनधर्म के लिए यह न्यायसंगत तो नहीं था, फिर भी ऐतिहासिक सत्य है कि उसमें यह प्रवृत्ति विकसित हुई है।

जैनधर्म का तीर्थङ्कर व्यक्ति के भौतिक कल्याण में साधक या बाधक नहीं हो सकता है, अतः जैन अनुष्ठानों में जिनपूजा के साथ यक्ष–यक्षियों के रूप में शासन–देवता तथा देवी की कल्पना विकसित हुई और यह माना जाने लगा कि तीर्थङ्कर की अथवा अपनी उपासना से शासन–देवता (यक्ष–यक्षी) प्रसन्न होकर उपासक का कल्याण करते हैं। शासनरक्षक देवी–देवता के रूप में सरस्वती, लक्ष्मी, अम्बिका, पद्मावती, चक्रेश्वरी, काली आदि अनेक देवियों तथा मणिभद्र, घण्टाकर्ण महावीर, पार्श्वयक्ष आदि यक्षों, दिक्पालों एवं अनेक क्षेत्रपालों (भैरवों) को जैन परम्परा में स्थान मिला। इन सबकी पूजा के लिए जैनों ने विभिन्न अनुष्ठानों को किंचित् परिवर्तन के साथ वैदिक परम्परा से ग्रहण कर लिया। हम यह देखते हैं कि जैन परम्परा में चक्रेश्वरी, पद्मावती, अम्बिका, घण्टाकर्ण महावीर, नाकोड़ाभैरव, भूमियाजी, दिक्पाल, क्षेत्रपाल आदि की उपासना प्रमुख होती गई। हमें अनेक ऐसे पुरातत्त्वीय साक्ष्य मिलते हैं जिनके अनुसार जिनमन्दिरों में इन देवियों की स्थापना होने लगी थीं। जैन अनुष्ठानों का एक प्रमुख ग्रन्थ 'भैरव पद्मावतीकल्प' है, जो मुख्यतया वैयक्तिक जीवन की विघ्न–बाधाओं के उपशमन और भौतिक उपलब्धियों के विविध अनुष्ठानों का प्रतिपादन करता है। इस ग्रन्थ में वर्णित अनुष्ठानों पर जैनेतर तन्त्र का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होता है। ईसवी शती से लेकर आज तक जैन परम्परा के अनेक आचार्य भी शासनदेवियों, क्षेत्रपालों और यक्षों की सिद्धि के लिए प्रयत्नशील देखे जाते रहे हैं और अपने अनुयायियों को भी ऐसे अनुष्ठानों के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

श्री पारसमल जी भण्डारी ने अपनी पत्नी श्रीमती कमला देवी भण्डारी की स्मृति में इस पुस्तिका में जैन परम्परा के आध्यात्मिक एवं लौकिक अनुष्ठानों का संकलन किया है। श्री पारसमल जी भण्डारी एक समाजसेवी–सद्गृहस्थ हैं। उनकी यह पुस्तक जैन परम्परा के सामान्य व्यक्तियों को अपने धार्मिक अनुष्ठानों को सम्पन्न करने के लिए उपयोगी होगी और इसके माध्यम से वे अपने लौकिक दुःखों की विमुक्ति के साथ–साथ हित साधन करेगें। ऐसी आशा करता हूँ।

प्रो० सागरमल जैन
निदेशक, (इमेरिटस)
पार्श्वनाथ विद्यापीठ
वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आभार

सौ० कमलादेवी भंडारी की नवम् पुण्य स्मृति में, **दुःख–विमुक्ति का उपाय** नामक पुस्तक का प्रकाशन किया है। पुस्तक प्रकाशन परमपूज्य आचार्य राजयश सूरिश्वर जी महाराज एवं साध्वीश्री (डॉ.) प्रमोद कुमारी जी, डॉक्टर सा० श्री सागरमलजी जैन, डॉ० विजय कुमार जैन, डॉ० सुधा जैन, (पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी) एवं पं० कृष्णचंद्र जोशी के पूर्ण सहयोग से सम्भव हुआ है। इसके लिए मैं सभी का आभारी हूँ।

सौ० कमलादेवी के जीवन का मुख्य ध्येय था-सादा जीवन उच्च विचार एवं निडर होकर अपनी बात को सबके सामने रखना। यही कारण है कि हर इन्सान उनसे प्रभावित होता रहा है। आज वे हमारे बीच नहीं है। फिर भी उनसे हमें प्रेरणा मिलती है।

उनके विचारों के अनुरूप उनके शुभ कार्यों के निमित्त भण्डारी परिवार ने सौ० कमलादेवी पारसमल जैन (भण्डारी) ट्रस्ट, वाराणसी के नाम से बना दिया है।

चिंतामणि भेलूपुर पार्श्वनाथ भगवान् से मेरी विनम्र प्रार्थना है कि प्राणीमात्र के जीवन निर्माण एवं सुख शान्ति के लिए यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध हो, पार्श्वप्रभू, देवगुरू एवं धर्म की कृपा तथा आशापुरी माताजी के आशीर्वाद से एवं आप सभी की मंगलकामना से मुझे शक्ति प्राप्त हो ताकि मैं प्रभु की प्रार्थना, प्रभु-सेवा एवं परोपकार जीवन के अंतिम क्षण तक करता रहूँ।

पारसमल भण्डारी

प्रादेशिक प्रतिनिधि
सेठ आनंदजी कल्याणजी पेढ़ी
अहमदाबाद
ट्रस्टी श्री बनारस पार्श्वनाथ जीर्णोद्धार ट्रस्ट,
भेलुपूर, वाराणसी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्या, कहाँ ?

विषय	पृष्ठ
महामन्त्र	1
मंगलसूत्र	1
पंचपरमेष्ठी एवं चतुर्विंशतिस्तव	2
चौबीस तीर्थंकर स्तुति	2
नवपदों को नमस्कार	6
श्री ऋषिमंडल स्तोत्रम्	7
श्री नमस्कार महामंगल स्तोत्रम्	8
श्री उवसग्गहरं स्तोत्रम्	8
श्री संतिकरं स्तोत्रम्	9
श्री भक्तामर स्तोत्रम्	12
श्री बृहच्छान्ति स्तोत्रम्	36
श्री लघुशान्तिस्तवः	42
श्री ग्रहशान्ति स्तोत्रम्	45
सुबह उठने की विधि	46
मंगलाचरण	47
जिनमंदिर दर्शन-विधि	47
भगवान् की मूर्ति के सामने बोलने के दोहे	48
श्री पंचतीर्थनुं चैत्यवंदन	49
श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथाय नमः	50
उवसग्गहर स्तवन स्तोत्र	51
जयवीराय सूत्र	52
चलते समय	53
प्रभु दर्शन की विधि	54
चैत्यवंदन करने की विधि	56
प्रभु दर्शन-पूजन स्तवन का प्रभावी फल	57
सामायिक लेने की विधि	61
सामायिक पारने की विधि	65
रात्रि शयन की विधि	66
श्री पार्श्वनाथ स्तोत्रम्	69

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री पार्श्वनाथ प्रभु स्तुति व प्रार्थना पद 72
श्री पार्श्वनाथ स्तोत्र 72
श्री गौतमाष्टक छंद 73
श्री गौतम स्वामीनुं प्रभाती स्तवन 74
श्री गौतम इकतीसा 75
सर्वरोगनाशक पार्श्वनाथ स्तोत्र 78
अंगरक्षा स्तोत्र 78
श्री भद्रबाहु स्वामी रचित ग्रहशान्ति स्तोत्र 79
महान लाभदायक श्री पार्श्वप्रभु का मन्त्र 79
हृदय प्रभुमय बनाने का मन्त्र 80
महाविद्या का प्रश्न कोठा 80
श्री गौतम केवली महाविद्या फलादेश 81
रक्षामन्त्र 86
सकलीकरण मन्त्र 87
तर्पण मन्त्र 88
होममन्त्र 88
शकिनी निवारणमन्त्र 88
बुद्धिवर्द्धक मन्त्र 88
सर्वकर्मकरमन्त्र 88
प्रीतिवर्धक मन्त्र 89
सर्वकार्य साधक मन्त्र 89
महासुख प्राप्ति कारक मन्त्र 89
संकट निवारक, मनोवांछित फलदायक मन्त्र 90
स्मणशक्ति-वर्द्धक मन्त्र 90
भूतप्रेतादिनिवारण मन्त्र 90
विशिष्ट विद्याप्राप्ति मन्त्र 91
ऐश्वर्यदायक मन्त्र 91
रोग निवारक मन्त्र 91
ग्रहपीड़ा नाशक मन्त्र 91
परिवार रक्षा-मन्त्र 92
द्रव्य-प्राप्ति मन्त्र 92
तीर्थंकरों से सम्बन्धित चतुर्विंशति जिंन
विधाएँ और उनके फल 92

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सूरिमन्त्र के लब्धिपदों के जाप से होनेवाली लौकिक एवं भौतिक उपलब्धियाँ 97
श्री मानदेव सूरिकृत सूरिमन्त्र स्तोत्रम् 100
ग्रहशान्ति सम्बन्धी मन्त्र 100
तीर्थंकरों से सम्बन्धित ग्रहशान्ति के मन्त्र 101
नमस्कार मन्त्र से सम्बन्धित ग्रहशान्ति के मन्त्र 103
नवग्रह पीड़ा निवारक शान्ति जाप 103
नवग्रह का संयुक्त जाप 105
आत्मरक्षक इन्द्रकवच 105
लक्ष्मी प्राप्ति मन्त्र 107
मनोकामनापूर्ति मन्त्र 108
विद्याप्राप्ति मन्त्र 108
वशीकरण मन्त्र 108
शत्रु, भूत-प्रेतादि भय निवाकरक मन्त्र 109
रोग निवारक मन्त्र 109
बन्दीखाना मुक्ति मन्त्र 109
सुख-सौभाग्य प्राप्तिकारक नवपद मन्त्र 109
संकट निवारक, मनोवांछितदायक मन्त्र 110
प्रेमभाववर्द्धक मन्त्र 110
विनयकारी मन्त्र 110
सर्वसुख सौभाग्यकारी मन्त्र 110
मन्त्राक्षरों का बीजकोश 111
संकटहारी पार्श्वनाथ भगवान् की स्तुति 113
शंखेश्वर पार्श्वनाथ की स्तुति 114
श्री अम्बिका स्तुति 114
कुलदेवी आशापुरा माता की आरती 114
श्री महालक्ष्मी अष्टक 115
पितरजी की आरती 116
भेरू जी की आरती 116
शारदा माता का स्तवन 117
गौतम स्वामी की आरती 117
महावीर स्तवन 118
पार्श्वनाथ स्तवन 118

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चन्दनवाला स्तवन 119
नवकार मन्त्र की महिमा 119
चन्दना की वन्दना 120
गणधर स्तुति 121
अष्टप्रकारी पूजा के दोहे 121
मैं हूँ तेरा बालक और तू मेरा पालक 122
कुशल-कुशल दातार है 123
कुशल गुरुराज जय तेरी, बढ़ा दो शक्ति मेरी 124
अमृत सिद्धयोग 124
विजय योग 124
दिशाशूल विचार 125
छींक विचार 125
चौदह नियम 125
सूतक विचार 126
ऋतुवती स्त्री सम्बन्धी सूतक विचार 127
मरण संबधी सूतक विचार 127
दीपावली पूजन विधि 128
चौबीस तीर्थंकरों के वर्णन का कोठा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महामन्त्र

नमो अरिहंताणं
नमो सिद्धाणं
नमो आयरियाणं
नमो उवज्झायाणं
नमो लोए सव्वसाहूणं
एसो पंच णमोक्कारो
सव्व पावप्पणासणो
मंगलाणं च सव्वेसिं
पढमं हवइ मंगलं

मंगलसूत्र

चत्तारि मंगलं
अरिहंता मंगलं
सिद्धा मंगलं
साहू मंगलं
केवलि–पण्णत्तो धम्मो मंगलं।।
चत्तारि लोगुत्तमा
अरिहंता लोगुत्तमा
सिद्धा लोगुत्तमा
साहू लोगुत्तमा
केवली–पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।।
चत्तारि सरणं पवज्जामि
अरिहंतं सरणं पवज्जामि
सिद्धे सरणं पवज्जामि
साहू सरणं पवज्जामि
केवलि–पण्णत्तं धम्मं सरणं पवज्जामि ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पंचपरमेष्ठी एवं चतुर्विंशतिस्तव

।।ॐ।।

अरिहन्तों को नमस्कार, श्री सिद्धों को नमस्कार
आचार्यों को नमस्कार, उपाध्यायों को नमस्कार
जग में जितने साधुगण हैं, मैं सबको वन्दूं बार–बार ।।१।।

ऋषभ अजित संभव अभिनन्द, ओ ऽ ऽ २,
सुमति पद्म सुपार्श्व जिनराय।
चन्द्र पुष्प शीतल श्रेयांस,
नमूं वासुपूज्य पूजित सुर राय।
विमल अनन्त धर्म जस उज्ज्वल, ऽ ऽ ऽ
शान्ति कुन्थु और मल्लिनाथाय।
मुनिसुव्रत नमि नेमि पार्श्व,
प्रभु वर्द्धमान पद पुष्प चढ़ाय।
चौबीसों के चरण कमल में मेरा वन्दन बार–बार ।।२।।

जिसने राग द्वेष कामादि, ओ ऽ ऽ २
जीते सब जग जान लिया।
सब जीवों का मोक्ष मार्ग का,
निस्पृह हो उपदेश दिया।
बुद्ध वीर जिन हरिहर ब्रह्मा, ऽ ऽ ऽ
या तीर्थङ्कर हो अवतार ।
सबके चरण कमल में
मेरा वन्दन होवे बार–बार ।।३।।

चौबीस तीर्थङ्कर स्तुति

श्री आदिनाथ जिनस्तुति

आदिजिनवर राया, जास सोवन काया,
मरुदेवी माया, धोरी लंछन पाया।
जग स्थिति निपाया, शुद्ध चारित्र पाया,
केवल सिरि राया, मोक्ष नगरे सिधाया।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री अजित जिन–स्तुति

अजित जिनेन्द्रे अजित थवाने, सम्यग्ज्ञान प्रकास्युंजी; सापेक्षाये भव्य लोकना, मनमां प्रेमें वास्युजी; आत्मा ज्ञान समज्ञान नही को, क्षणमां थावे मुक्तिजी जी; आतमज्ञानी निर्लेपी थई, कर्म करे सहु युक्ति जी।

श्री संभव जिन–स्तुति

आत्म स्वभावे संभववुं ते, संभव जिननी सेवा जी, गुण पर्यायो आविर्भावें, थाता पोते देवाजी, अभेद भावे संभव करता, ज्ञानानंद स्वभावे जी, निज आतम संभव रूपी छे; व्यक्त करे भवी भावे जी।

श्री अभिनन्दन स्तुति

आत्मानन्द प्रगट करी अभिनन्दे जेह, अभिनन्दन छे आतमा गुण पर्याय गेह, आतम अभिनन्दन थतो, अभिनन्दन ध्याई; ध्यान समाधि एकता लीनतपद पाई।

श्री सुमतिनाथ–स्तुति

सन्मति धारे दुर्मति, त्यागी जे नर–नारी; सुमति प्रभु भक्तो खरा, नीति रीति धारी; सुमति ग्रही शुद्ध भाव थी, आत्म भावे रमता निश्चय नय सुमति प्रभु, आपो आप नमंता।

श्री पद्मप्रभु जिन–स्तुति

अढीसें धनुष काया, त्यक्त मद मोह माया। सुसीमा जस माया, शुक्ल जे ध्यान ध्याया।। केवल वर पाया, चामरादि धराया। सेवे सुरराया, मोक्षनगरे सिधाया।।

श्रीसुपार्श्वनाथ जिन–स्तुति

सुपास जिनवाणी, सांभले जेह प्राणी। हृदय पहेचाणी, ते तर्यां भव्य प्राणी।। पांत्रीस गुण खाणी, सूत्रमां जे गुंथाणी। षट् द्रव्यशुं जाणी, कर्म पीले ज्युं धाणी।।

श्री चन्द्रप्रभु स्तुति

सेवे सुर वृंदा, जास चरणारविंदा, अट्ठम जिन चंदावरणे सोहंदा, महसेन नृपनंदा, कापता दुःख दंदा, लंछन मिष चंदा, पायमानुं सेवंदा।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री सुविधिनाथ जिन–स्तुति

नरदेव भाव देवो, जेहनी सारि सेवो। जेह देवाधिदेवो, सार जगमां ज्युं भेवो।। जोतां जग एहवो, देव दीठो न तेहवो। सुविधि–जिन जेहवो, मोक्ष दे ततखेवो।।

श्री शीतलप्रभु जिन–स्तुति

शीतल प्रभु शीतल करे, भजे शीतल भावेः शम शीतलता धारतां, सहु संताप जावे; राग–द्वेष निवारी ने, आप शीतल थावो; आतमने शीतल करो, सत्य निश्चय लावो।

श्री श्रेयांसनाथ जिन–स्तुति

विष्णु जस मात, जेहना विष्णु तात। प्रभु ना अवदात, तीन भुवने विख्यात।। सुरपति संघात, जास निकटे आयात। करी कर्मनो घात, पामिया मोक्ष नाथ।

वासुपूज्य जिन–स्तुति

विश्वनाथ उपगारी, धर्मना आदिकारी। धर्म ना दातारी, काम–क्रोधादि, वारी।। तार्या नर नारी, दुःख दोहग्गहारी। वासुपूज्य निहारी, जाउं हूँ नित्य बारी।।

श्री विमल जिन–स्तुति

आर्तरौद्रने वारीने, मन निर्मल करवुं; एबी प्रभुनी पूजना, एह ध्यान छे घरबुं; विमल प्रभु जग उपदिशे, सहु निर्मल थावो; विमल थवुं निज हाथमां शाने वार लगावो।।

श्री अनन्तनाथ–स्तुति

अनन्त आत्म द्रव्यथी, क्षेत्र कालने भावे, जाणे अन्त न थाय छे, आठ कर्म अभावे; द्रव्य क्षेत्र काल भाव थी, अन्त कर्मनो आवे| अनन्त नाथ जणावता, बह ? अन्त न थावे।।

श्री धर्मनाथ–स्तुति

धर्म प्रभु कहे आत्मनो, धर्म गुण पर्यायो; समजे बर्ते सहज थी, ते धर्मी सुहायो;. धर्मनाथ निज आत्मा, करे आविर्भावे; अज्ञानी धर्म पन्थसहु,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

टले आत्म स्वभावे।।१।।

श्री शांतिनाथ जिन–स्तुति

शांति जिनेश्वर समरीये, जेनी अचिरा माय, विश्वसेन कुल उपन्या, मृग लंछन पाय, गजपुर नगरीनो घणी कञ्चन वरणी छे काय, चालीस धनुषनी देहडी लाख बरसनुं आय।।

श्री कुंथुनाथ–स्तुति

कुंथुनाथमय थइने भव्यो, कुंथुनाथ आराधोजी; आतम रूपे थई ने आतम, सिद्धि पदने साधो जी; आसकित वण कर्मो करतां, आतम नहीं बंधायजी, करे क्रिया पण अक्रिय पोते, उपयोगे प्रभु थाय जी।

श्री अरनाथ स्तुति

कर्म करो पण कर्मथी, रहो निर्लेप भव्यो; जिन थातां परमार्थनां, थातां कर्तव्यो; जैन दशामां कर्मने, करो स्वाधिकारे; अर जिनवर अेम भाखतां, शक्ति प्रगति छे त्यारे।

श्री मल्लिकुमारी (मल्लिनाथ)–स्तुति

मल्लिकुमारी (मल्लिनाथ) घट जेहना, सर्व मल्लने जीते; आतम मल्लजे जाणतोः शुद्ध धर्म प्रतीते; हारे न जगमां कोई थी, कोई तेने न मारे मोह शत्रु ने मारतो, तेने देव छे व्हारे।।

श्री मुनिसुव्रत जिन–स्तुति

मुनिसुव्रत नामे, जे भवि चित्त कामे, सवि सम्पत्ति पामे, स्वर्गना सुख जामे, दुर्गति दुःख वामे, नवि पडे मोह भामे सवि कर्म विरामे, जई बसे सिद्ध धामे।।

श्री नमिनाथ–स्तुति

नमि जिनेश्वर सेवा–भक्ति, जगनी सेवा भक्तिजी निज आतमनी सेवा–भक्ति, एक स्वरूपे शक्तिजी; नाम रूपथी भिन्न निजातम, धारी प्रभु जे ध्यावेजी, प्रारब्धे छे कर्मनो भोगी, तो पण भोगी न थावे जी।

श्री नेमिनाथ जिन–स्तुति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गया आयुध आगारी, शङ्ख निज हाथधारी, कियोशब्द, प्रचारी विश्व कंप्युं तिवारी; हरि संशय धारी, ए नहीं कोई सारी, जयो नेमि जितारी, बालथी ब्रह्मचारीः।

श्री पार्श्वनाथ जिन–स्तुति

शंखेश्वर पासजी पूजीए, नरभवनो लाहो लीजिए, मनवांछित पूरण सुरतरु, जय वामासुत अवलेसरु।।

पास जिणंदा, वामा नंदा, जब गरभे फली। सुपना देखे, अर्थविशेषे कहे मघवा मली।। जिनवर जाया, सुर हुलराया, हुआ रमणी प्रिये। नेमि राजी चित्र विराजी, विलोकित व्रत लिये।

श्री महाबीर जिन–स्तुति

महावीर जिणंदा, राय सिद्धार्थ नंदा, लंछन मृग–इन्दा, जास पाये सोहंदा सुर नरवर इन्दा, नित्य सेवा करंदा, टाले भवफंदा, सुख आपे अमंदा।।

नव पदों को नमस्कार

ॐनमो अरिहंताण
ॐनमो सिद्धाणं
ॐनमो आयरियाणं
ॐनमो उवज्झायाणं
नमो लोए; सव्व साहूणं,
ऐसो पंच नमुक्कारो,
ॐनमो दंसणस्स
ॐनमो नाणस्स
ॐनमो चरितस्स
ॐनमो तवस्स ३

ॐह्रीं क्रीं सिद्ध चक्रायः नमः ३

ॐह्रीं क्रीं नवपदायः नमः ३

ॐह्रीं क्रीं असिआसाय नमः ३

नवपद का सुमिरन करने से मिट जाती सकल बीमारी है।

नवपद का सुमिरन करने से सब रोग दूर हो जाते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नवपद का सुमिरन करने से सब दुःख दूर हो जाते हैं।

नवपद का सुमिरन करने से सब कष्ट दूर हो जाते हैं।

नवपद का सुमिरन करने से सब संकट दूर हो जाते हैं।

नवपद का सुमिरन करने से मनवांछित सिद्धि मिलती है।

नवपद का सुमिरन करने से सब ठाठ–बाट हो जाते हैं।

नवपद का सुमिरन करने से सर्वत्र खुशी छा जाती है।

ॐह्रीं क्रीं सिद्धचक्राय नमः,ॐह्रीं क्रीं नवपदाय नमः।

ॐह्रीं क्रीं असिआउसाय नमः

श्री ऋषिमंडल स्तोत्रम्

मङ्गलाचरणं अर्हं बीजोत्पत्तिश्च

आद्यन्ताक्षर संलक्ष्यमक्षरं व्याप्य यत् स्थितम्। अग्निज्वालासमं नादबिन्दु रेखा समन्वितम्।।१।। अग्निज्वाला समाक्रान्तं, मनोमलविशोधकम्। देदीप्यमानं हृत्पद्मे, तत्पदं नौमिनिर्मलम्।।२।। अर्हमित्यक्षरं ब्रह्मवाचकं परमेष्ठिनः। सिद्धचक्रस्य सद्बीजं सर्वतः प्राणिदध्महे।।३।। ॐनमो ऽर्हद्भ्यः ईशेभ्यः, ॐसिद्धेभ्यो नमो नमः। ॐनमः सर्वसुरिभ्यः, उपाध्यायेभ्यः ॐ नमः।।४।। ॐ नमः सर्व साधुभ्यः, ॐ ज्ञानेभ्यो नमो नमः। ॐनमस्तत्त्वदृष्टिभ्यः, चारित्रेभ्यस्तु ॐ नमः।।५।। श्रेयसेस्तु श्रियेस्त्वेतत्, अर्हदाद्यष्टकं शुभम्। स्थानेष्वष्टसु विन्यस्तं, पृथग्बीज समन्वितम्।।६।। आद्यं पदं शिखां रक्षेत्, परंरक्षेत्तुमस्तकम्। तृतीयं रक्षेन्नेत्रेद्वे, तुर्यं रक्षेच्च नासिकाम्।।७।। पञ्चमं तु मुखं रक्षेत्, षष्टं रक्षेच्च घण्टिकाम्। नाभ्यन्तं सप्तमं रक्षेत्, रक्षेत् पादान्तमष्टमम्।।८।। पूर्वं प्रणवतः सान्तः, सरेफो द्वयब्धिपञ्चषान्। सप्ताष्टदश सूर्याङ्कान्, श्रितो बिन्दुस्वरान् पृथक्।।९।। पूज्यानामाक्षरा आद्याः, पञ्चैते ज्ञान दर्शने। चारित्रेभ्यो नमो मध्ये, ह्रींसान्तः समलं कृतः।।१०।।

(जाप्यमन्त्रम्)

ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रुँ ह्रूँ ह्रैं ह्रैं ह्रौं ह्रूँ ह्रः, ॐ अ सि आ उ सा, सम्यग्ज्ञानदर्शनचारित्रेभ्यो ह्रीं नमः।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

।। अथ श्री नवस्मरणानि ।।

।।प्रथमम् श्री नमस्कार महामंगल स्तोत्रम्।।

नमो अरिहंताणं ।।१।। नमो सिद्धाणं ।।२।।
नमो आयरियाणं ।।३।। नमो उवज्झायाणं ।।४।।
नमो लोए सव्वसाहूणं ।।५।। एसो पंच नमुक्कारो ।।६।।
सव्व पावप्पणासणो ।।७।। मंगलाणं च सव्वेसिं
पढमं हवइ मंगलं।।८।।

अर्थ :– अरिहन्तो को नमस्कार (प्रणाम) हो, सिद्ध भगवंतों को नमस्कार हो, आचार्य भगवंतों को नमस्कार हो, उपाध्यायजी महाराजों को नमस्कार हो, लोक में–ढाई द्वीप में (वर्तमान) सब साधुओं को नमस्कार हो, यह पाँचों को किया हुआ नमस्कार सब पापों को नाश करनेवाला और सब मङ्गलो में प्रथम मंगल है।

।। द्वितीयम् श्री उवसग्गहरं स्तोत्रम्।।

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघण मुक्कं ।
विसहर विस निन्नासं, मंगल कल्लाण आवासं ।।१।।

अर्थ :– उपसर्ग (उपद्रव) के नाशक पार्श्व नाम के यक्ष जिन के सेवक हैं जैसे, कर्म–समूह से अलग हुये सर्प के विषों को नाश करने वाले, मंगल और कल्याण के स्थानरूप, श्री पार्श्वनाथ स्वामी को मैं वन्दन करता हूँ ।।१।।

विसहर फुलिंग मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गइरोग मारी, – दुट्ठजरा जंति उवसामं।।२।।

अर्थ :– जो मनुष्य विषधर स्फुलिंग नाम के मंत्र को सर्वदा कण्ठ में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धारण करता है, उस का यह दोष, रोग, हैजा और दुष्ट ज्वर सब उपशमन (शान्त) हो जाता हैं।।२।।

चिट्ठउ दूर मंतो, तुज्ज पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसुवि जीवा, पावंति न दुक्ख दोगच्चं ।।३।।

अर्थ :– मंत्र तो दूर रहे, तुझ को किया हुआ प्रणाम भी बहुत फल को देने वाला है, क्योंकि तुझको प्रणाम करनेवाले मनुष्य और तिर्यंच भी दुःख और दरिद्रता को नहीं पाते हैं।।३।।

तुह सम्मत्ते लद्धे, चिंतामणि कप्पपाय वब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं।।४।।

अर्थ :– चिन्तामणि रत्न और कल्पवृक्ष से भी अधिक फल को देने वाला सम्यक्त्व को तुझ से प्राप्त कर लेने पर सब जीव बिना विघ्नों के ही अजर और अमर स्थान (मोक्ष) को प्राप्त करते हैं।।४।।

इअ संथुओ महायस ! भत्तिब्भर निब्भरेण हिअएण।
ता देव ! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ।।५।।

अर्थ :– हे महायशस्वी ! इस तरह भक्ति से परिपूर्ण हृदय से आप को स्तुति किया, इसलिए हे पार्श्वनाथ ! जिनचंद्रदेव मुझे हर एक जन्म में बोधि–सम्यक्त्व दीजिए ।।५।।

।। तृतीयं श्री संतिकरं स्त्रोत्रम् ।।

संतिकरं संतिजिणं, जगसरणं जयसिरीइ दायारं।
समरामि भत्तपालग–निव्वाणी गरुडकय सेवं।।१।।

अर्थ :– शान्ति करनेवाले, संसार के शरणरूप, जयलक्ष्मी को देनेवाले और भक्तपालक, निर्वाणी देवी तथा गरुड पक्षी से सेवित श्री शान्तिनाथ जिनेश्वर को मैं स्मरण करता हूँ।।१।।

ॐ सनमो विप्पोसहि–पत्ताणं संति सामिपायाणं।
झ्रेंॐ स्वाहा मंतेणं, सव्वासिव दुरिअ हरणाणं।।२।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ :– विप्रडौषधि लब्धि को पाये हुये और 'झ्रौं स्वाहा' मंत्र से सब उपद्रव तथा पाप को नाश करनेवाले पूज्य श्री शान्तिनाथ स्वामी को ॐकारपूर्वक नमस्कार हो।।२।।

ॐ संति नमुक्कारो, खेलोसहि माइंलद्विपत्ताणं।
सौं ह्रीं नमो सव्वो–सहि पत्ताणंच देइ सिरिं।।३।।

अर्थ :– श्री शान्तिनाथ भगवान् को ॐकारपूर्वक किया हुआ प्रणाम, श्लेष्मौषधि आदि लब्धि पाये हुये को और ॐतथा –ह्रीं पूर्वक किया गया प्रणाम सवौषधि लब्धि पाये हुये मुनियों की सम्पत्ति को देता है।।३।।

चाणीतिहुअणसामिणी, सिरिदेवी जक्खराय गणि पिडगा।
गहदिसिपाल सुरिंदा, सया वि रक्खंतु जिणभत्ते।।४।।

अर्थ :– सरस्वती, त्रिभुवनस्वामिनी श्रीदेवी, गणिपिटक का अधिष्ठाता यक्षराज, ग्रह, दिक्पाल, और देवेन्द्र (इन्द्र) जिनेश्वर के भक्तों की सदैव रक्षा करें।।४।।

रक्खंतु ममरोहिणी, पन्नत्ति वज्जसिंलाय सया।
वज्जंकुसि चक्केसरि, नरदत्ता कालि महाकाली।।५।।
गोरी तह गंधारी, महजाला माणवी अ वइरुट्टा।
अच्छुत्ता माणसिआ, महमाणसिआओ देवीओ।।६।।

अर्थ :– रोहिणी, प्रज्ञाप्ति, वज्रशृङ्खला, वज्राङ्कुशी, चक्रेश्वरी, नरदत्ता, काली, महाकाली, गौरी, गान्धारी, महाज्वाला, मानवी, वैरोट्या, अच्छुप्ता, मानसिका, और महामानसिका, ये सोलह विद्या देवियाँ नित्य मेरी रक्षा करें।।५।।६।।

जकखा गोमुह महजक्ख, तिमुह जकखेम तुंबरु कुसुमो।
मायंग विजय अजिआ, बंभो मणुओ सुरकुमारो।।७।।
छम्मुह पयाल किन्नर, गरुलो गंध्धव तहय जकिखं दो।
कूबर वरुणो भिउडी, गोमेहो पास मायंगा।।८।।

अर्थ :– गोमुख, महायक्ष, त्रिमुख, अक्षेश, तुम्बरु, कुसुम, मातङ्ग, विजय, अजित, ब्रह्मा, मनुज, सुरकुमार, षण्मुख, पाताल, किन्नर, गरुड, गन्धर्व, यक्षेन्द्र, कूबर, वरूण, भृकुटी, गौमेध पार्श्व और मातंग, (ये सभी) यक्ष तथा।।७–८।।

देवीओ चककेसरि, अजिंआ दुरिआरि कालि महाकाली।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अच्चुअ संताजाला, सुतारया सोअ सिरिवच्छा।।६।।
चंडा विजयंकुसि, पन्नइत्ति निव्वाणि अच्चुआ धरणी।
वइरुट्ट छुत्तगंधारि, अंब पउमावई सिद्धा।।१०।।

अर्थ :– चक्रेश्वरी, अजिता, दुरितारी, काली, महाकाली, अच्युता, शान्ता, ज्वाला, सुतारका, अशोका, श्रीवत्सा, चण्डा, विजया, अंकुशा, प्रज्ञाप्ति, निर्वाणी, अच्युता, धारिणी, वैरोट्या, दत्ता, गान्धारी, अम्बा, पद्मावती, और सिद्धा, (ये सभी) देवियाँ ।।६–१०।।

इअतित्थरकखण रया, अन्नेवि सुरासुरीय चउहावि।
चंतर जोइणि पमुहा, कुणंतु रकखं सया, अम्हं।।११।।

अर्थ :– इस तरह तीर्थरक्षा में तत्पर अन्य भी व्यंतर, ज्योतिषी आदि चारों प्रकार की देव–देवियाँ सदा हमारी रक्षा करें ।।११।।

अेवंसुदिट्ठि सुग्गण–सहिओ संघस्स संतिजिणचंदो।
मज्झवि करेउ रकखं, मुणिसुंदरसूरिथुअ महिमा।।१२।।

अर्थ :– इस प्रकार मुनि सुन्दरसूरि ने जिसकी महिमा गाई है, ऐसे सम्यक्त्वी देवगण सहित श्री शांतिनाथ जिनेश्वर संघ की तथा मेरी रक्षा करें।।१२।।

इअ संतिनाह सम्मदिट्ठि–रक्खं सरइ तिकालं जो।
सव्वोवद्दव रहिओ, स लहइ सुहसंपयं परमं।।१३।।

अर्थ :– इस प्रकार रक्षा के लिए शान्तिनाथ को तथा सम्यग्दृष्टि (देवों) को जो तीनों काल में स्मरण करता है, वह सब उपद्रवों से रहित होकर परमसुख–सम्पत्ति को पाता है।।१३।।

तवगच्छ गयण दिणयर,–जुगवर सिरिसोम सुंदर गुरुणं।
सुपसाय लद्धगणहर–विज्जासिद्धी भणइ सीसो।।१४।।

अर्थ :– तपोगच्छरूप आकाश में सूर्य समान, युगप्रधान सोमसुन्दर, गुरु के गणधर की विद्या को सिद्ध करनेवाला (मुनि सुन्दरसूरि) शिष्य (यों) कहता है, अर्थात् श्री सोमसुन्दरसूरि के शिष्य मुनि सुन्दरसूरि ने इस स्तोत्र को बनाया है।।१४।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री भक्तामर स्तोत्रम्

(१) सर्व विघ्न नाशक

भक्तामर – प्रणत –मौलिमणि – प्रभाणा–
मुद्द्योतकं दलित – पाप – तमोवितानम्।
सम्यक् प्रणम्य जिनपादयुगं युगादा–
वालम्बनं भवजले पततां जनानाम्।।१।।

भगवान् ऋषभदेव के चरण–युगल में जब देवगण भक्तिपूर्वक नमस्कार करते हैं, तब उनके मुकुट में जड़ित मणियाँ प्रभु के चरणों की दिव्य कान्ति से और अधिक दैदीप्यमान हो जाती हैं।

भगवान् के चरणों का स्पर्श ही प्राणियों के पापों का नाश करने वाला है, तथा जो उन चरण–युगल का आलम्बन (सहारा) लेता है, वह संसार–समुद्र से पार हो जाता है।

इस युग के प्रारम्भ में धर्म का प्रवर्तन करने वाले प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के चरणयुगल में विधिवत् प्रणाम करके (मैं) स्तुति करता हूँ।

ऋद्धि :– "ओं ह्रीं अर्हं नमो अरिहन्ताणं नमो जिणाणं ह्रां ह्रीं ह्रुं ह्रों ह्रः असिया उसा अप्रति चक्रे फट् विचक्राय औं औं स्वाहा"

मन्त्र :– ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ श्रीं क्लीं ब्लूं क्रौं ॐ ह्रँ नमः।

{**फल :** ऋद्धि सिद्धि एवं संपदा की प्राप्ति होती है।}

(२) सकल रोग नाशक

यः संस्तुतः सकल–वाङ्मय तत्त्वबोधा–
दुद्भूतबुद्धिपटुभिः सुरलोक – नाथैः।
स्तोत्रैर्जगत्त्रितय चित्तहरैरुदारैः
स्तोष्ये किलाहमपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम्।। २।।

सम्पूर्ण वाङ्मय (शास्त्रों) का ज्ञान करने से जिनकी बुद्धि अत्यन्त प्रखर हो गई है, ऐसे देवेन्द्रों ने तीन लोक के चित्त को आनन्दित करने–वाले सुन्दर स्तोत्रों द्वारा प्रभु आदिनाथ की स्तुति की है, उन प्रथम जिनेन्द्र की मैं भी स्तुति करने का प्रयत्न कर रहा हूँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं नमो ओहिजिणाणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूँ नमः।.

{फल :– नजरबंदी एवं दृष्टिदोष दूर होते हैं}

(३) सर्व सिद्धिदायक

बुद्ध्या विनाऽपि विबुधार्चितपादपीठ।
स्तोतुं समुद्यत – मतिर् विगत– त्रपोऽहम्।
बालं विहाय जलसंस्थितमिन्दुबिम्ब–
मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम्।।३।।

हे देवों द्वारा पूजित जिनेश्वर ! जिस प्रकार जल में प्रतिबिम्बित बिम्ब को पकड़ना असंभव होते हुए भी, नासमझ बालकं उसे पकड़ने का प्रयास करता है, उसी प्रकार मैं अत्यन्त अल्पबुद्धि होते हुए भी आप जैसे महामहिम की स्तुति करने का प्रयास कर रहा हूँ। क्या यह मेरी धृष्टता नहीं है ?

ऋद्धि :– ॐ अर्हं नमो परमोहि जिणाणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सिद्धेभ्यो बुद्धेभ्यो सर्व सिद्धिदायकेभ्यो नमः स्वाहा।

{फल :– दृष्टि के दोष दूर होते हैं।}

(४) जल–जन्तु मोचक

वक्तुं गुणान् गुण–समुद्र ! शशांककान्तान्,
कस्ते क्षमः सुरगुरुप्रमिमोऽपि बुद्ध्या।
कल्पान्त – काल – पवनोद्धत – नक्रचक्रं,
को वा तरीतुमलमम्बुनिधिं भुजाभ्याम्।।४।।

हे गुणसमुद्र जिनेश्वर ! क्या चन्द्रमा के समान (स्वच्छ, आनन्द रूप एवं आह्लाददायक) आपके अनन्त गुणों के वर्णन में देवगुरु वृहस्पति भी समर्थ नहीं हो सकता है ?

भला, प्रलयकाल के तूफानी पवन से उछाल मारते, भयानक मगरमच्छ आदि से क्षुब्ध महासमुद्र को कोई मानव अपनी भुजाओं से तैर कर पार कर सकता है ? नहीं !

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो सव्वोहिजिणाणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं जलदेवताभ्यो नमः स्वाहा।

{फल :– पानी के उपद्रव नंष्ट होते हैं।}

(५) मोचन कष्ट मोचक

सोऽहं तथापि तव भक्तिवशान्मुनीश।
कर्तुं स्तवं विगतशक्तिरपि प्रवृत्तः।
प्रीत्याऽऽत्मवीर्यमविचार्य मृगो मृगेन्द्रं,
नाभ्येति किं निजशिशोः परिपालनार्थम्।।५।।

हे मुनिजनों के आराध्यदेव ! यद्यपि आपके अनन्तगुणों का वर्णन करने की शक्ति मुझमें नहीं है, फिर भी आपकी भक्ति के वश हुआ, मैं स्तुति करने के लिए प्रवृत्त हो रहा हूँ।

सभी जानते हैं, हरिणी कितनी दुर्बल क्यों न हो किन्तु अपने शिशु की रक्षा के लिए (वात्सल्य भाव के वश हुई) आक्रमण करते सिंह का मुकाबला करने के लिए सामने डट जाती है। (इसी प्रकार मैं भी भक्तिवश हुआ अपनी शक्ति का विचार किये बिना स्तुति करने में प्रवृत्त हो रहा हूँ।)

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अणंतो हि जिणाणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं क्रौं सर्वसंकट निवारणेभ्यो सुपार्श्वयक्षेभ्यो नमो नमः स्वाहा।

{फल :– नेत्र रोग दूर होते हैं।}

(६) विद्या प्रसारक

अल्पश्रुतं श्रुतवतां परिहासधाम,
त्वद्भक्तिरेव मुखरीकुरूते बलान्माम्।
यत्कोकिलः किल मधौ मधुरं विरौति,
तच्चारू चूत – कलिकानिकरैकहेतुः ।।६।।

हे प्रभो ! जिस प्रकार बसन्त–ऋतु में आम की मंजरिया खाकर कोकिल मधुर स्वर में कूकती हैं, उसी प्रकार आपकी भक्ति का बल पाकर मैं भी स्तुति करने को वाचाल हो रहा हूँ। अन्यथा मैं तो अल्पज्ञ हूँ

और विद्वानों के सामने उपहास का पात्र हूँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नामे कोट्ठबुद्धीणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्राँ श्रीं श्रूँ श्रः हं सं यः यः ठः ठः सरस्वती भगवती विद्याप्रसादं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** सरस्वती साधना एवं बुद्धि शक्ति में उपयोगी है।}

(७) सर्व दुरित संकट क्षुद्रोपद्रव निवारक

त्वत्संस्तवेन भवसन्तति – सन्निबद्धं
पापं क्षणात्क्षयमुपैति शरीरभाजाम्।
आक्रान्त – लोकमलिनीलमशेषमाशु
सूर्यांशुभिन्नमिव शार्वरमन्धकारम्।।७।।

जिस प्रकार समस्त संसार को आच्छादित करनेवाला, भंवरे के समान काला–नीला सघन अंधकार सूर्य–किरण निकलते ही छिन्न–भिन्न हो जाता है, उसी प्रकार हे आदिदेव ! आपकी भक्ति में लीन होने वाले प्राणियों के अनेक जन्मों के संचित पाप–कर्म तत्क्षण नष्ट होने लगते हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो बीय बुद्धीणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं हं स्रौं श्राँ श्रीं क्रीं क्लीं सर्वदुरितसंकट क्षुद्रोपद्रवकष्ट निवारणं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** सर्प का जहर दूर होता है।}

(८) सर्वारिष्ट निवारक

मत्वेति नाथ ! तव संस्तवनं मयेद –
मारभ्यते तनुधियापि तव प्रभावात्।
चेतो हरिष्यति सतां नलिनीदलेषु
मुक्ताफल – द्युतिमुपैति ननूदबिन्दुः।।८।।

जिस प्रकार कमलिनी के पत्तों पर पड़ी नन्हीं–नन्हीं ओस की बूंदे मोती के समान चमकने लगती हैं, उसी प्रकार हे नाथ ! मुझ अल्पबुद्धि द्वारा रचित यह स्तोत्र अवश्य ही (आपके दिव्य प्रभाव के कारण) सज्जनों के मन को आनन्दित करेगा।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अरिहन्ताणं नमो पयाण सारीणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रीं ह्रूँ ह्रः असिआउसा अप्रति चक्रे फट्विचक्राय झ्रौं झ्रौं स्वाहा (पुनः) ॐ ह्रीं लक्ष्मणारामानंदं देव्यै नमो नमः स्वाहा।

{फल :– घाव की पीड़ा नष्ट होती है।}

(६) भय नाशक

आस्तां तव स्तवनमस्तसमस्त – दोषं
त्वत्संकथापि जगतां दुरितानि हन्ति।
दूरे सहस्त्रकिरणः कुरूते प्रभैव
पद्माकरेषु जलजानि विकासंभाञ्जि ।।६।।

जिस प्रकार अरुणोदय के समय सहस्त्ररश्मि सूर्य तो बहुत दूर रहता है, किन्तु उसकी कोमल प्रभा का स्पर्श (किरणों का प्रकाश) ही सरोवर में मुरझाये, अलसाये कमलों को विकसित कर देता है। उसी प्रकार हे जिनेश्वरदेव ! समस्त दोषों (पापों) का नाश करनेवाले आपके स्तोत्र की असीम शक्ति का तो कहना ही क्या; किन्तु श्रद्धा–भक्तिपूर्वक किया गया आपका नाम उच्चारण (माला) भी जगत के जीवों के पापों का नाश कर उन्हें पवित्र बना देता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अरिहन्ताणं ह्रां ह्रीं ह्रुं फट् स्वाहा।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्रौं क्लीं रः रः रः हं हः नमः स्वाहा।

{फल :– चोर या डाके का उपद्रव दूर होता है।}

(१०) कुक्कर विष निवारक

नात्यद्भूतं भुवनभूषण ! भूतनाथ।
भूतैर् गुणैर् भुवि भवन्तमभिष्टुवन्तः।
तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किं वा
भूत्याश्रितं य इह नात्मसमं करोति।।१०।।

हे जगदीश्वर ! हे भूवन भूषण ! आपके क्षमा, सत्य, शील आदि अनेक गुणों की तन्मयतापूर्वक स्तुति करता हुआ मानव, (जीवन में उन गुणों को धारण कर) आपके समान ही महान् बन जाता है, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं, क्योंकि जो उदारचित्त का स्वामी होता है, वह अपनी सेवा करने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाले आश्रितों को अपने समान ही सुखी– समृद्ध बनाये तो इसमें क्या आश्चर्य है ?

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो पत्ते अबुद्धिणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रां ह्रीं ह्रीं ह्रः श्रां श्रीं श्रूं श्रः सिद्धबुद्धकृतार्थो भव–भव वषट् सम्पूर्ण स्वाहा।

{फल :–वाद–विवाद में विजय मिलती है, शत्रु की पराजय होती है।}

(११) वियुक्त–व्यक्ति–मेलापक

दृष्ट्वा भवन्तमनिमेषविलोकनीयं
नान्यत्र तोषमुपयाति जनस्य चक्षुः।
पीत्वा पयः शशिकरद्युति–दुग्धसिन्धोः
क्षारं जलं जलनिधेरसितुं क इच्छेत्।।११।।

प्रभो ! आपका अलौकिक सौन्दर्य अपलक देखने योग्य है। आप जैसे दिव्य स्वरूप के दर्शन कर लेने के बाद न तो पलक झपकाने का मन होता है और न ही आँखे अन्य किसी को देखकर सन्तुष्ट हो सकती हैं। क्योंकि, यह. स्वाभाविक ही है कि चन्द्रकिरणों के समान निर्मल और शीतल क्षीर–सागर का मधुर जल पीने के बाद लवण–समुद्र का खारा जल पीना कौन चाहेगा ? कोई भी नहीं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो सयं बुद्धाणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं श्रां श्रीं कुमति निवारिण्यै महामायायै नमः स्वाहा।

{फल :– गुम हुई चीज या व्यक्ति वापस मिलता है।}

(१२) मदोन्मत–हस्तिमदमारक

यैः शान्तरागरूचिभिः परमाणुभिस्त्वं
निर्मापितस्त्रिभुवनैक – ललामभूत !
तावन्त एव खलु तेऽप्यणवः पृथिव्यां,
यते समानमपरं न हि रूपमस्ति ।।१२।।

हे त्रिलोकीनाथ ! जिन शान्त, सुन्दर, मनोहरन परमाणुओं से आपका शरीर निर्मित हुआ है, वे शुभ परमाणु संसार में उतने ही थे, क्योंकि समूचे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संसार में आपके समान अन्य कोई दूसरा अलौकिक रूप मुझे दिखाई नहीं देता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो बोहिय बुद्धाणं स्वाहाः।

मन्त्र :– ॐ आँ आँ आँ अं अः सर्वराजप्रजामोहिनी सर्वजनवश्यं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** आकर्षण मन्त्र है, वशीकरण में उपयोग होता है।}

(१३) लक्ष्मीप्राप्ति–स्वशरीर रक्षक

वक्त्रं क्व ते सुर –नरोरग – नेत्रहारि
निःशेष–निर्जित–जगत्–त्रितयोपमानम्।
बिम्बं कलंक–मलिनं क्व निशाकरस्य
यद् वासरे भवति पाण्डु पलाशकल्पम्।।१३।।

आपके मुख–मंडल की लोग उपमा देते हैं, परन्तु मुझे यह उपयुक्त नहीं लगता, क्योंकि देव, मनुष्य और नागकुमारों के नेत्रों को आनन्दित करने वाला, प्रकाशमान आपका उज्ज्वल मुख कहाँ, और दिन में काले धब्बों वाला मलिन, ढाक (पलाश) के पीले पड़े पत्तों की भाँति निस्तेज दिखाई देने वाला चन्द्रबिम्ब कहाँ ? सचमुच ही आपके मुख–मण्डल के लिए जगत की सुन्दर से सुन्दर उपमा भी तुच्छ है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो ऋजुमइणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं हं सः ऐं ह्राँ ह्रीं द्राँ द्रीं द्रौं दः मोहिनी सर्व जनवश्यं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** चोर का भय दूर होता है।}

(१४) आधि–व्याधि नाशक

सम्पूर्णमण्डल–शशांककला–कलाप–
शुभ्रा गुणास्त्रिभुवन तव लंघयन्ति।
ये संश्रितास्त्रिजगदीश्वर ! नाथमेकं
कस्तान् निवारयति संचरतो यथेष्टम् ।।१४।।

जगदीश्वर ! पूर्णमासि के चन्द्रमा की कलाओं (ज्योत्स्ना) के समान आपके अनन्त ज्ञान–दर्शन आदि निर्मल गुण तीन लोक में सर्वत्र व्याप्त हो रहे हैं, अर्थात् तीन लोक में सर्वत्र आपके गुण गाये जाते हैं। यह ठीक ही है,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भला आप जैसे विश्व के एक मात्र अधिष्ठाता प्रभु का आश्रय पाने वालों को इच्छानुसार विचरने से कौन रोक सकता है?

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो विपुलमइणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवत्यै गुणवत्यै महामानस्यै स्वाहा।

{**फल :–** बुद्धि बढ़ती है। स्मरण शक्ति तीव्र बनती है।}

(१५) सम्मान–सौभाग्य–प्रदायक

चित्रं किमत्र यदि ते त्रिदशांगनाभि
र्नीतं मनागपि मनो न विकार–मार्गम्।
कल्पान्तकाल–मरूता चलिताचलेन
कि मन्दराद्रिशिखरं चलितं कदाचित्।।१५।।

हे वीतराग ! स्वर्ग की अप्सराओं ने अपने हाव–भाव–विलास द्वारा आपके चित्त को चंचल बनाने कं भरपूर प्रयास किया, फिर भी आपका विरक्त मन किंचित भी विचलित नहीं हुआ, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं ? क्योंकि सामान्य पर्वतों को हिला देने वाला प्रलय–काल का प्रचण्ड पवन क्या कभी सुमेरु पर्वत के शिखर को कम्पित कर सकता है ? नहीं ! कभी नहीं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो दस पुव्वीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवती गुणवती सुसीमा पृथ्वी–वज्रशृंखलामानसां–महा –मानस्यै स्वाहा।

{**फल :–** शक्ति एवं सौभाग्य बढ़ता है।}

(१६) सर्व विजय दायक

निर्धूमवर्त्तिरपवर्जित – तैलपूरः
कृतस्नं जगत् त्रयमिदं प्रकटीकरोषि।
गम्यों न जातु मरूतां चलिताचलानां
दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ ! जगत्प्रकाशः।।१६।।

हे नाथ ! संपूर्ण जगत को प्रकाशित करने वाले आप एक ऐसे अलौकिक दीपक हैं, जिसको न बाती की जरुरत है, न तेल की, और न ही

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आप धुआँ निकलता है। विशाल पर्वतों को कंपा देने वाला झंझावात भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो चउदस पुव्वीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो सुमंगला–सुसीमा–नामदेवी सर्वसमीहितार्थं वज्रशृंखला कुरु–कुरु स्वाहा।

{फ़ल :– अग्नि का भय दूर होता है।}

(१७) सर्वरोग निवारक

नास्तं कदाचिदुपयासि न राहुगम्यः
स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्जगन्ति।
नाम्भोधरोदर – निरुद्धमहाप्रभावः
सूर्यातिशायिमहिमासि मुनीन्द्र! लोक।।१७।।

हे मुनीन्द्र ! आप सूर्य से भी विलक्षण महिमाशाली हैं। सूर्य प्रतिदिन उदय होता है, अस्त होता है, किन्तु आपका ज्ञानरूपीसूर्य तो सदा ही आलोकित रहता है। कभी अस्त नहीं होता। सूर्य को राहु ग्रस लेता है, किन्तु आप निर्विकार व अनन्त ऋद्धि सम्पन्न हैं, अतः संसार की कोई भी वासना या इच्छा आपको ग्रस्त नहीं कर सकती। सूर्य धीरे–धीरे कुछ सीमित क्षेत्र को प्रकाशित करता है, किन्तु आपका केवलज्ञान प्रकाश संपूर्ण जगत को एक ही साथ प्रकाशित करता है। सूर्य को सामान्य बादल भी ढक देते हैं, किन्तु आपके महाप्रभाव को कोई भी शक्ति अवरुद्ध नहीं कर सकती।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अट्ठंग महानिमित्त कुसलाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो नमिउण अट्टे मट्टे क्षुद्रविघट्टे क्षुद्रपीठ जठरपीड़ां भंजय–भंजय सर्वपीडा सर्वरोगनिवारण कुरु–कुरु स्वाहा।

{फ़ल :– उदर रोग दूर हो जाते हैं।}

(१८) शत्रु सैन्य स्तम्भक

नित्योदयं दलितमोहमहान्धकारं
गम्यं न राहुवदनस्य न वारिदानाम्।
विभ्राजते तव मुखाब्जमनल्पकान्ति
विद्योतयज्जगदपूर्व शशांकबिम्बम्।।१८।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हे भगवन् ! आपका मुख–कमल एक अदभूत चन्द्रमा है, क्योंकि चन्द्रमा तो केवल रात्रि में चमकता है, और वह भी सिर्फ शुक्लपक्ष में, किन्तु आपका मुख–चन्द्र तो सदा ही प्रकाशमान रहता है। चन्द्रमा सिर्फ सीमित क्षेत्र का अंधकार दूर करता है। आपका मुख–चन्द्र, समस्त जगत का अज्ञान–मोह रूप अंधकार नष्ट करता है। चन्द्रमा को कभी राहु ग्रस लेता है, कभी बादल ढँक लेते हैं, किन्तु आपके मुख–चन्द्र को कोई भी शक्ति आच्छादित नहीं कर सकती। चन्द्रमा की कान्ति बहुत अल्प है, परन्तु आपके मुख–चन्द्र की कान्ति अनन्त और सम्पूर्ण लोक को प्रकाशित करने वाली है। इसलिए आपका मुख एक अपूर्व चन्द्र है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो विउव्यइड्ढिपत्ताणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवते जये विजये मोहय–मोहय स्तंभय–स्तंभय स्वाहा।

{**फल :–** धर्म में स्थिरता प्राप्त होती है, भय दूर होते हैं।}

(१६) तन्त्रप्रभाव रोधक

किं शर्वरिषु शशिनाऽह्नि विवस्वता वा ?
युष्मन्मुखेन्दु – दलितेषु तमस्सु नाथ।
निष्पन्नशालि – वनशालिनि जीवलोके
कार्यं कियज्जलधरैर् जलभार–नम्रैः।।१६।।

हे विश्वनाथ ! जब आपका मुख–चन्द्र अंधकार का नाश कर समग्र विश्व को प्रकाशित कर रहा है, तो फिर रात्रि में चन्द्रमा की तथा दिन में सूर्य की क्या आवश्यकता रह जाती है ? भला, जब खेतों में धान पक चुका है, तो फिर जल से भरे बिजली चमकते मेघों की क्या उपयोगिता है ? अर्थात् आप सूर्य, चन्द्र से अधिक प्रकाश युक्त हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो विज्जाहराणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रः यः क्षः ह्रीं वषट् फट् स्वाहा।

{**फल :–** परविद्या का असर नहीं होता, आजीविका मिलती है।}

(२०) सन्तति–सम्पत्ति सौभाग्य प्रसाधक

ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृतावकाशं
नैवं तथा हरिहरादिषु नायकेषु।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तेजः स्फुरन्मणिषु याति यथा महत्त्वं
नैवं तु काचशकले किरणाकुलेऽपि।।२०।।

हे भगवन् ! जैसा निर्मल–निर्बाध संपूर्ण आत्मज्ञान आप में उद्भासित है, वैसा ज्ञान जगत में किसी अन्य देव में नहीं देखा जाता। भला, जो अद्भूत कान्ति और प्रकाश बहुमूल्य मणियों में होता है, वैसी चमक सूर्य–किरणों से चमकने वाले कांच के टुकड़ों में कैसे संभव है ? नहीं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो चारणाणं।

मन्त्र :– ॐ श्रां श्रीं श्रूं श्रः शत्रुभयनिवारणाय ठः ठः नमः स्वाहा।

{**फल :–** पुत्र प्राप्ति होती है, सौभाग्य बढ़ता है।}

(२१) वशीकरण व सौभाग्य साधक

मन्ये वरं हरिहरादय एव दृष्टा
दृष्टेषु येषु हृदयं त्वयि तोषमेति।
किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्यः
कश्चिन्मनो हरति नाथ ! भवान्तरेऽपि।।२१।।

हे स्वामी ! मैने आपके दर्शन करने से पहले हरिहर आदि सरागी देवों को देख लिया, यह अच्छा ही किया, क्योंकि उन्हें देखने के बाद आपकी वीतराग मुद्रा के प्रति हृदय श्रद्धा से पूर्ण सन्तुष्ट हो गया है, किन्तु आपको देखने के बाद मेरा मन (जन्मान्तर में भी) अन्यत्र सन्तुष्ट नहीं हो सकता अर्थात् संसार में आपसे बढ़कर परम शान्तमूर्ति वीतराग देव अन्य कोई नहीं है। आप ही सर्वोत्कृष्ट हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो पण्णसमणाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो श्री मणिभद्र जये विजये अपराजिते सर्व सौभाग्यं सर्वसौख्यं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** स्वजन वगैरह आकर्षित/वशवर्ती होते हैं}

(२२) भूत पिशाचादि बाधा निरोधक

स्त्रीणां शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्
नान्या सुतं त्वदुपमं जननी प्रसूता।
सर्वा दिशो दधति भानि सहस्ररश्मिं,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राच्येव दिग् जनयति स्फुरदंशुजालम्।।२२।।

जिस प्रकार सभी दिशाएं असंख्य तारों/नक्षत्रों को धारण करती हैं, परन्तु अद्भूत प्रकाशमान सूर्य को तो केवल पूर्व दिशा ही प्रकट करती है, उसी प्रकार संसार में अनेकों स्त्रियां, पुत्रों को जन्म देती हैं, किन्तु आपके समान महाप्रतापी पुत्ररत्न को तो एक ही माता ने जन्म दिया, अर्थात् अन्य कोई दूसरा आपके समान नहीं है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो आगासगामीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो श्री वीरेहि जृम्भय जृम्भय मोहय–मोहय स्तम्भय–स्तम्भय अवधारणा कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** प्रेत बाधा दूर होती है।}

(२३) प्रेत बाधा निवारक

त्वामामनन्ति मुनयः परमं पुमांस –
मादित्यवर्णममलं तमसः परस्तात्।
त्वामेव सम्यगुपलभ्य जयन्ति मृत्युं
नान्यः शिवः शिवपदस्य मुनीन्द्र ! पन्थाः।।२३।।

हे मुनियों के आराध्यदेव ! सभी मुनिजन आपको तेजोमय परम पुरुष मानते हैं। आप राग–द्वेष के मल से रहित हो, अज्ञान, अन्धकार से सर्वथा दूर हो। आपके द्वारा प्रदर्शित मार्ग को जान समझकर अनुगमन कर· अन्तःकरण की शुद्धि होने पर साधक आपके दर्शन करके मृत्यु को अर्थात् साक्षात् यमराज को भी पराजित कर देते हैं। हे प्रभो ! आपकी भक्ति ही शिव, अर्थात् मुक्ति का मंगल–मार्ग है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो आसीविषाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवति जयवति मम् समीहितार्थं मोक्ष सौख्यं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** शरीर रक्षा में सहायक होता है।}

(२४) मस्तिष्क रोग नाशक

त्वामव्ययं विभुमचिन्त्यमसंख्यमाद्यं
ब्रह्माण मीश्वरमनन्त मनंगकेतुम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

योगीश्वरं विदितयोगमनेकमेकं,
ज्ञानस्वरूपममलं प्रवदन्ति सन्तः।।२४।।

हे प्रभो ! संसार के सभी सन्त और भक्त आपके विभिन्न स्वरूपों की स्तुति करते हैं, जैसे– आप अव्यय–अविनाशी हो, आप विभु–ज्ञानदृष्टि से सर्वव्यापक हो, अचिन्त्य हो –मन की चिन्तनधारा से भी परे हो, असंख्य हो – आपके गुणों की गणना नहीं हो पाती, आदिपुरुष हो–धर्म की आदि करने वाले हो, ब्रह्म हो–शाश्वत आनन्दमय हो, ईश्वर हो–आत्म–ऐश्वर्य से सम्पन्न हो, अनन्त हो– आपके ज्ञान–दर्शन आदि गुणों का पार नहीं है, अनंगकेतु हो–काम का नाश करने के लिए धूमकेतु के समान हो योगीश्वर हो– योगियों के भी आराध्य हो, विदितयोग हो – योगमार्ग के सम्पूर्ण ज्ञाता हो, अनेक हो – भक्तों के हृदय में नानारूप में विराजमान हो, एक हो अद्वितीय हो, ज्ञानमय हो, शुद्ध चैतन्यस्वरूप हो, अमल हो अर्थात् काम–क्रोध आदि विकारों से रहित हो।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अरिहन्ताणंदिट्ठी विसाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवते वद्धमाणसामिस्स सर्वसमीहितं कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** मस्तक के रोग मिट जाते हैं।}

(२५) दृष्टि दोष निवारक

बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चित ! बुद्धि – बोधात्
त्वं शंकरोऽसि भुवनत्रय – शंकरत्वात्।
धाताऽसि धीर ! शिवमार्गविधेर् विधानात्
व्यक्तं त्वमेव भगवन् पुरुषोत्तमोऽसि।।२५।।

हे देवों द्वारा पूज्य ! आप में बुद्धि का (ज्ञान का) पूर्ण रूप में विकास हुआ है, अतः आप ही बुद्ध हो। तीन लोक के जीवों का 'श' – कल्याण करने वाले से शंकर भी आप हो, रत्नत्रय रूप मोक्ष–मार्ग की विधि के विधाता (उपदेष्टा) होने से आप ही ब्रह्मा हो, संसार के समस्त भक्तों के मन में व्यक्त (प्रकट) होने से आप ही व्यक्त – विष्णु का रूप हो, और समस्त पुरुषों में श्रेष्ठ–पुरुषोत्तम भी आप ही हो।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो उग्गतवाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो हाँ ह्रीं हूँ ह्रीं हः असिआउसा ह्रौं ह्रौं स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

{फल :– अग्नि का भय दूर होता है, तप्त पदार्थ शीतल बन जाते हैं।}

(२६) अर्द्ध सिर पीड़ा निवारक

तुभ्यं नमस्त्रिभुवनार्तिहराय नाथ !
तुभ्यं नमः क्षितितलामलभूषणाय।
तुभ्यं नमंस्त्रिजगतः परमेश्वराय
तुभ्यं नमो जिन ! भवोदधि–शोषणाय ! ।।२६।।

हे नाथ ! आप तीन लोक के कष्टों को दूर करने वाले हैं, आप भूमण्डल के निर्मल भूषण हैं। आप तीनों लोकों के परमेश्वर हैं और जन्म–जरा–मृत्यु रूप संसार समुद्र से पार पहुँचाने वाले आप ही हैं, अतः मैं आपको बार–बार नमस्कार करता हूँ।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो दित्तवाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवति ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रूं हं परजनशंतिव्यवहारे जय कुरु–कुरु स्वाहा।

{फल :– प्राणांत कष्ट दूर होते हैं, रक्षण मिलता है।}

(२७) शत्रुन्मूलक

को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणैरशेषैः –
स्त्वं संश्रितो निरवकाशतया मुनीश !
दोषैरूपात्त – विविधाश्रय – जातगर्वैः
स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिदपीक्षितोऽसि।।२७।।

हे मुनीश्वर ! संसार में जितने सदगुण हैं, वे सभी आप में आश्रय पा चुके हैं, अतएव आप में दोषों को बिल्कुल स्थान नहीं मिला। इस कारण वे दुर्गुण दूसरी जगह चले गये। दूसरे व्यक्तियों ने उन दुर्गुणों को दृढ़ता से अपना लिया, अतः वे मिथ्या गर्व से गदराये हुए पुनः लौटकर कभी भी आपकी ओर नहीं आये। अर्थात् संसार के समस्त सद्गुण आप में विद्यमान हैं, तथा जो आप से विमुख हैं, वे आसुरी वृत्तियों के कारण सभी दुर्गुणों के केन्द्र बन गये हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो तत्ततवोणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ नमो चक्रेश्वरी देवी चक्रधारिणीचक्रेणानुकूलं साधय–साधय शत्रून् उन्मूलय–उन्मूलय स्वाहा।

{फल :– शत्रु का डर दूर होता है।}

(२८) सर्व मनोरथ पूरक

उच्चैरशोकतरू – संश्रितमुन्मयूख –
माभाति रूपममलं भवतो नितान्तम्।
स्पष्टोल्लसत् किरणमस्ततमोवितानं,
बिम्बं रवेरिव पयोधर – पार्श्ववर्ति।।२८।।

जिस प्रकार सघन बादलों के बीच में चमकती हुई किरणों से अंधकार को नष्ट करता हुआ सूर्य–मण्डल शोभित होता है, उसी प्रकार हे प्रभो ! समवसरण में अशोक वृक्ष के नीचे विराजित आपकी निर्मल देह से निःसृत चमकती हुई किरणें ऊपर की ओर जाती हैं, तब आपका रूप अतीव भव्य प्रतीत होता है। अर्थात् शरीर की स्वर्णप्रभा अशोक वृक्ष के नीले पत्तों पर गिरने से रंगों की एक अतीव मनोहर छटा सी खिल जाती है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो महातवाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवते जय विजय जृम्भय–जृम्भय मोहय–मोहय सर्वसिद्धि सम्पत्ति सौरण्यं कुरु–कुरु स्वाहा।

{फल :– सुख सौभाग्य बढ़ता है, उच्च पदवी प्राप्त होती है।}

(२६) नेत्र पीड़ा विनाशक

सिंहासने मणिमयूख – शिखाविचित्रे
विभ्राजते तव वपुः कनकावदातम्।
बिम्बं वियद् विलसदंशुलता – वितानं
तुङ्गोदयाद्रि – शिरसीव सहस्ररश्मेः।।२६।।

जिस प्रकार ऊंचे उदयाचल पर्वत के शिखर पर उदित होता सूर्य चारो ओर फैली हुई स्वर्णवर्णी किरणों से आकाश में सुशोभित होता है, हे भगवान ! उसी प्रकार मणियों की रंग–बिरंगी किरणों से दीपित ऊँचे सिंहासन पर आसीन आपका सुवर्ण के समान देदीप्यमान स्वच्छ अतीव प्रभास्वर और मनोहारी लगता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो घोरतवाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो नमिउण पास विसहरफुलिंगमंतो विसहर–नामक्खरमतो सर्वसिद्धिमीहे इह समरंताणमङ्खै जागई कदलुम्मं च सर्वसिद्धि ॐ नमः स्वाहा।

{फल :– जहर दूर होता है।}

(३०) शत्रु स्तम्भक

कुन्दावदात – चलचामर – चारूशोभं
विभ्राजते तव वपुः कलधौतकान्तम्।
उद्यच्छशाक – शुचि निर्झर – वारिधार –
मुच्चैस्तटं सुरगिरेरिव शातकौम्भम् ।।३०।।

हे प्रभो ! आपकी स्वर्ण समान आभावाली देह के दोनों ओर, कुन्द पुष्प के समान अत्यन्त उज्ज्वल दोलायमना चंवर देखकर मुझे ऐसा लगता हैं, मानों स्वर्ण–गिरि सुमेरु के दोनों शिखरों से चन्द्र–किरणों के समान उज्ज्वल निर्मल जल के निर्झर बहते आ रहे हों।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो घोरगुणाणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं पार्श्वनाथाय ह्रीं धरणेन्द्रपद्मावती सहिताय अट्टे मट्टे क्षुद्रविघट्टे क्षुद्रान् स्तम्भय–स्तम्भय रक्षां कुरु–कुरु स्वाहा।

{फल :– प्रवास के दौरान आने वाले कष्ट दूर हो जाते हैं।}

(३१) राज सम्मानदायक

छत्रत्रयं तव विभाति शशांककान्त –
मुच्चैः स्थितं स्थगितभानुकर – प्रतापम्।
मुक्ताफल – प्रकरजाल – विवृद्धशोभं,
प्रख्यापयत् त्रिजगतः परमेश्वरत्वम् ।।३१।।

हे प्रभो ! आपके मस्तक पर तीन छत्र शोभित होते हैं। ये छत्र चन्द्रमा की भांति सौम्य–शुभ्र मोतियों की झालर से शोभा पा रहे हैं। इन छत्रों ने प्रचण्ड सूर्य–रश्मियों के आतप को रोक लिया हैं। वास्तव में ये तीनो छत्र आपकी तीन लोकव्यापी प्रभुता और परमेश्वरता के सूचक हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो घोर गुणपरक्रमाणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ उवसग्गहरं पासं–पासं वदामि कम्मधणमुक्कं मंगल–कल्लाण–आवासं ॐ ह्रीं नमः स्वाहा।

{**फल :–** सुख साहिबी मिलती है, अभ्युदय होता है।}

(३२) संग्रहणी संहारक

गम्भीरतार – रवपूरित – दिग्विभाग –
त्रैलोक्यलोक – शुभसंगमभूतिदक्षः।
सद्धर्मराज – जयघोषण – घोषकः सन्,
खे दुन्दुभिर्ध्वनति से यशसः प्रवादी।।३२।।

हे प्रभो ! आप जब समवसरण (धर्मसभा) में विराजते है, तब देवगण आकाश में दुन्दुभि बजाते हैं। उस गंभीर घोष से दशो–दिशाएं गूंज जाती हैं। दुन्दुभि का यह उद्घोष जैसे तीन लोक के प्राणियों को कल्याण प्राप्ति के लिए आह्वान कर रहा है कि "हे जगत के प्राणियों ! आओ ! सच्चा कल्याण मार्ग प्राप्त करो" तथा आप द्वारा कथित सद्धर्म का जयजयकार भी सब दिशाओं में गुंज रहा है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोर गुण बंभचारिणं।

मन्त्र :– ॐ नमो ह्रॉं ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः सर्वदोष निवारणं कुरु–कुरु स्वाहा। सर्वसिद्धिं वृद्धिंवांछां कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** संग्रहणी, उदरपीड़ा नाशक।}

(३३) सर्व ज्वर संहारक

मन्दार – सुन्दर – नमेरु – सुपारिजात –
सन्तानकादिकुसुमोत्कर – वृष्टिरूद्धा।
गन्धोदबिन्दु – शुभमन्द – मरूत्प्रपाता,
दिव्या दिवःपतति ते वचसां ततिर्वा।।३३।।

हे भगवन् ! आपके समवसरण में जब देवगण आकाश से मन्दार–सुन्दर–नमेरु–पारिजात आदि दिव्यवृक्षों के सुन्दर पुष्प और सुगन्धित जल (गंधोदक) की वर्षा करते हैं, तब मंद–मंद पवन के झोंको से हिलोर खाते वे ऐसे भव्य प्रतीत होते हैं, मानो आप के श्रीमुख से वचन रूपी दिव्य पुष्प ही बरस रहे हों।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं णमो आमोसहि पत्ताणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूँ ध्यान–सिद्धि–परम–योगीश्वराय नमो नमः स्वाहा।

{फल :– सर्व ज्वर नाशक।}

(३४) गर्भ संरक्षक

शुम्भत्प्रभावलय – भूरिविभा विभोस्ते,
लोकत्रये – द्युतिमतां द्युतिमाक्षिपन्ती।
प्रोद्यद् – दिवाकर – निरन्तर भूरिसंख्या,
दीप्त्या जयत्यपि निशामपि सोम–सौम्याम्।।३४।।

हे प्रभो ! आपका अत्यन्त प्रकाशमान उज्ज्वल आभा मण्डल संसार की समस्त प्रभावान वस्तुओं से अधिक प्रभास्वर है। उसकी विलक्षणता तो यह है कि वह उदित होते अनेकानेक सूर्यों के तेज से अधिक प्रचण्ड होने पर भी पूर्णमासी के चन्द्रमा से अधिक शीतलता, सौम्यता प्रदान करने वाला है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं णमो खिल्लो–सहि–पत्ताणं।

मन्त्र :– ॐ नमो ह्रीं श्रीं ऐं ह्यौं पद्मावत्यै देव्यै नमोनमः स्वाहा।

{फल :– गर्भरक्षक।}

(३५) इति भाति निवारक

स्वर्गापवर्गगम – मार्ग – विमार्गणेष्टः
सद्धर्मतत्त्वकथनैक – पटुस्त्रिलोक्याः।
दिव्यध्वनिर्भति ते विशदार्थसर्व–
भाषास्वभाव – परिणामगुणैः प्रयोज्यः।।३५।।

हे भगवन् ! आपकी दिव्यध्वनि, सब जीवों को स्वर्ग और मोक्ष का मार्ग बताने में सक्षम है। समस्त प्राणियों को सत्य धर्म का रहस्य समझाने में कुशल है। गंभीर अर्थवाली होकर भी अत्यन्त स्पष्ट है और जगत के सभी जीवों के उनकी अपनी–अपनी भाषा के अनुरूप परिणत होने के विलक्षण गुण वाली है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो जल्लो–सहि–पत्ताणं।

मन्त्र :– ॐ नमो जयविजय अपराजिते महालक्ष्मी अमृतवर्षिणी अमृतं भव–भव वषट् सुधाय स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

{फल :– दुर्भिक्ष, चोरी, मिरगी आदि निवारक।}

(३६) लक्ष्मीदायक

उन्निद्रहेम – नवपंकज – पुञ्जकान्ति,
पर्युल्लसन्नख मयूखशिखाभिरामौ।
पादौ पदानि तव यत्र जिनेन्द्र ! धत्तः
पद्मानि तत्र विबुधाः परिकल्पयन्ति।।३६।।

हे जिनेन्द्रदेव ! आपके चरण नव विकसित स्वर्ण कमल के समान कान्ति वाले हैं, उनके नखों से चारों ओर मनोहर किरणें फैल रही हैं। विहार करते समय जहाँ–जहाँ आपके चरण–कमल पड़ते हैं, वहाँ–वहाँ पर भक्त, देवगण सुवर्णमय कमलों की दिव्य रचना करते जाते हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो विप्पोसहि पत्ताणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं कलिकुण्ड–दण्ड–स्वामिन् आगच्छ–आगच्छ आत्ममंत्रान् आकर्षय आत्म–मंत्रान् रक्ष–रक्ष परमंत्रान् छिन्द–छिन्द मम समी–हितं कुरु–कुरु स्वाहा।

{फल :– धन एवं सौभाग्य की प्राप्ति होती है।}

(३७) दुर्जन स्तम्भक

इत्थं यथा तव विभूतिरभूज्जिनेन्द्र !
धर्मोपदेशनविधौ न तथा परस्य।
यादृक् प्रभा दिनकृतः प्रहतान्धकारा,
तादृक् कुतो ग्रह–गणस्य विकाशिनोऽपि।।३७।।

हे जिनेन्द्रदेव ! धर्मोपदेश के समय आपकी जैसी दिव्य विभूतियां होती है, वैसी अन्य देवों को कभी प्राप्त नहीं होती। यह ठीक भी तो है, अंधःकार नाश करने वाले सूर्य की जैसी प्रभा होती है, वैसी सामान्य रूप में चमकते हुए तारे, नक्षत्र आदि की कैसे हो सकती है ?

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो सव्वोसहिपत्ताणं ।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवते अप्रतिचक्रे ऐं क्लीं ब्लूं ऊँ ह्रीं मनोवांछित सिद्धये नमो नमः अप्रतिचक्रे ह्रीं ठः ठः स्वाहा।

{फल :– शत्रुजनवश में आते हैं, शत्रुता दूर होती है।}

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३८) हस्तिमद भंजक वैभववद्धर्क

श्चयोतन् मदाविल – विलोल–कपोलमूल–
मत्तभ्रमद् – भ्रमरनाद – विवृद्धकोपम्।
ऐरावताभमिभमुद्धत – मापतन्तं,
दृष्ट्वा भयं भवति नो भवदाश्रितानाम्।।३८।।

हे प्रभो ! आपका शरण (आश्रय) लेने वाला भक्त सदा सर्वत्र अभय रहता है। ऐरावत के समान विशालकाय हाथी, जिसके चंचल कपोलों पर मद झर–झर कर बह रहा हो, और मद पीने के लिए मंडराने वाले भौरों के नाद से जो अत्यन्त क्रुद्ध होकर अंगारे सी लाल आँखे किए आक्रमण करने सामने आ रहा हो, वह मत्त गजराज भी जब आपके ध्यान में लीन भक्त को देखता है, तो उसका समूचा मद शान्त हो जाता है और आज्ञाकारी सेवक की भांति आचरण करने लगता है। अर्थात् आपके शरणागत को मदोन्मत्त गजों से भी कोई भय नहीं है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो मण बलीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवते अष्टमहानागकुलोच्चाटिनी काल–दंष्ट्र मृतकोत्थापिनी परमन्त्रप्रणाशिनी देवि शासनदेवज्ञे ह्रीं नमो नमः स्वाहा।

{फल :– हाथी–सर्प वगैरह वशवर्ती होते हैं।}

(३९) सिंहशक्ति संहारक

भिन्नेभ – कुम्भगलदुज्ज्वल–शोणिताक्त– ,
मुक्ताफल प्रकर – भूषितं – भूमिभागः।
बद्धक्रमः क्रमगतं हरिणाधिपोऽपि
नाक्रामति क्रमयुगाचलसंश्रितं ते।।३९।।

जिसने बड़े–बड़े हाथियों के कुंभस्थल को चीरकर रक्त की धारा बहा दी और जमीन पर रक्त रंजित उज्ज्वल गज मुक्ताओं का ढेर लगा दिया हो, ऐसा अत्यन्त क्रुद्ध भयंकर सिंह भी, हे प्रभो ! जब आपके चरण–युगल रूपी पर्वत का आश्रय लेने वाले भक्त को सामने देखता है, तो शान्त होकर उसके चरणों में बैठ जाता है, अर्थात् आपका भक्त भयंकर सिंहों के भय से मुक्त रहता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो वयण बलीणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ नमो एषु वृत्तेषु वर्द्धमान तव भयहरं वृत्तिवर्णा मेषुमंत्राः पुनः स्मर्तव्या अतो ना परमंत्रनिवेदनाय नमः स्वाहा।

{**फल :–** सिहं, बाघ वगैरह हिंसक पशुओं का भय टलता है।}

(४०) अग्नि प्रकोप शामक

कल्पान्तकाल – पवनोद्धत – वह्नि – कल्पं,
दावानल ज्वलितमुज्ज्वलमुत्स्फुलिङ्गम्।
विश्वं जिघत्सुमिव सम्मुखमापतन्तं
त्वन्नामकिर्तनजलं शमयत्यशेषम्।।४०।।

भीषण दावानल, जो प्रलयकालीन महावायु के प्रचण्ड वायु से प्रज्वलित हुआ आकाश में चिनगारियाँ फेंक रहा हो, और जैसे अपनी ज्वालाओं से समूचे विश्व को भस्म कर देना चाहता हो, वह प्रचण्ड दावानल भी हे, प्रभो ! आपके नाम स्मरण रूपी जलधारा से क्षणभर में ही शान्त हो जाता है, अर्थात् आपका भक्त अग्निभय से मुक्त रहता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो काय बलीणं।

मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ह्रां ह्रीं अग्निमुपशमनं शांति कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** अग्नि का भय दूर होता है।}

(४१) भुजंग भय भंजक

रक्तेक्षणं समदकोकिल – कण्ठनीलं
क्रोधोद्धतं फणिनमुत्फणमापतन्तम्।
आक्रामति क्रमयुगेन निरस्तशंकः
स्त्वन्नामनागदमनी ह्रदि यस्य पुंसः।।४१।।

हे प्रभो ! भयंकर काला नाग, जिसकी आँखे लाल मणि–सी चमक रही हों, समूचा शरीर कोकिल के कण्ठ की भांति गहरा काला, डरावना हो, जो क्रोधोन्मत्त होकर ऊंचा फन किये फुंसकारता आ रहा हो, आपका भक्त, जिसके पास आपके नाम स्मरण रूपी नामदमनी जड़ी विद्यमान है उस क्रुद्ध नाग को भी निःशंक निर्भय होकर (पुष्पमाला की भंति) लांघ जाता है, अर्थात आपका भक्त सदा सर्प–भय से मुक्त रहता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो क्षीर सवीणं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मन्त्र :– ॐ नमो श्रीं श्रों श्रूँ श्रः जलदेवीकमले पद्माह्रदनिवासिनी पद्मोपरिसंस्थितै सिद्धिं देहि मनोवांछित कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** सभी तरह के जहर का भय दूर होता है।}

(४२) युद्ध भय विनाशक

वल्गत्तुरंग – गजगर्जित – भीमनाद
माजौ बलं बलवतामपि भूपतीनाम्।
उद्यद्दिवाकरमयूख – शिखापविद्ध
त्वत्कीर्तनात् तम इवाशु भिदामुपैति।।४२।।

हे प्रभो ! जिस रणक्षेत्र में शत्रुपक्ष के घोड़े हिनहिना रहे हों, हाथी चिंघाड़ रहे हों, सैनिक दारुण कोलाहल कर रहे हों, ऐसे बलवान शत्रु राजा की सेना भी आपका नामोच्चारण होते ही यों भाग खड़ी होती है, ज्यों सूर्योदय होने पर अंधकार। अर्थात् आपका नाम लेने पर भक्त

शत्रु–भय से मुक्त हो जाता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो सप्पि सवीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो नमिऊण विषहर विषप्रणासन–रोग शोक दोष ग्रह कल्पद्रुमच्चजायई सुहनाम गहण सकल सुहदे ऊँ नमः स्वाहा।

{**फल :–** सभी तरह के भय टलते हैं, शत्रु वश में होता है।}

(४३) सर्वशांति दायक

कुन्ताग्रभिन्न गज – शोणितवारिवाह –
वेगावतार – तरणातुरयोध – भीमे।
युद्धे जयं विजितदुर्जयजेयपक्षाः –
स्त्वत्पाद – पंकजवनाश्रयिणो लभन्ते।।४३।।

हे जिनेन्द्रदेव ! जिस युद्धभूमि में भालों की नोंक से छिन्न–भिन्न हुए हाथियों के शरीर से रक्त की धाराएं बह रही हों, तथा उस भीषण रक्त–प्रवाह को पार करनें में बड़े–बड़े योद्धा भी असमर्थ हो गये हों, ऐसे भयानक युद्ध में आपके चरण–कमलरूपी वन का आश्रय लेने वाले भक्तगण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शत्रुपक्ष को जीतकर विजयध्वजा फहराते हैं अर्थात्, आपका भक्त विजयश्री प्राप्त करता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो महुरा सवीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो चक्रेश्वरीदेवी चक्रधारिणी जिनशासन सेवाकारिणी क्षुद्रोपद्रवविनाशिनी धर्मशांतिकारिणी नमः शान्ति कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** विजय प्राप्त होती है, ऋद्धि वृद्धि मिलती है।}

(४४) सर्व विपत्ती विनाशक

अम्भोनिधौ क्षुभितभीषण – नक्रचक्र –
पाठीन – पीठ भयदोल्बणवाडवाग्नौ।
रंगतरंग – शिखरस्थित – यानपात्राः –
त्रासं विहाय भवतः स्मरणाद् व्रजन्ति ।।४४।।

जिस महासमुद्र में मगरमच्छ आदि भयानक जलचर उछालें मार रहे हों, वड़वानल (पानी की आग) की लपटें उठ रही हों, तूफानी हवाओं से ऊँची–ऊँची लहरें उछल रही हों, ऐसे समुद्र में जिनका जहाज फंस गया हो, वे जब आपका स्मरण करते हैं, तब सब विपदाओं से मुक्त हो सुखपूर्वक तट पर पहुंच जाते हैं, अर्थात् आपका भक्त जल–भय से मुक्त हो जाता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अमिय सवीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो रावणायविभीषणायकुम्भकर्णाय लंकाधिपतये महाबल पराक्रमाय मनश्चिंतित् कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** समुद्र का भय दूर होता है।}

(४५) जलोदर रोग नाशक

उद्भूतभीषणजलोदर – भरभुग्नाः
शोच्यां दशामुपगताश्च्युतजीविताशाः।
त्वत्पाद – पंकजरजो ऽ मृतदिग्धदेहा
मर्त्या भवन्ति मकरध्वजतुल्यरूपाः।।४५।।

हे भगवन् ! जो व्यक्ति जलोदर आदि दारुण रोगों से पीड़ित हैं, मूल्यवान् औषधियाँ लेते रहने पर भी बड़ी गम्भीर शोचनीय दशा में पहुँच गये हैं, घर वालों को उनके जीने की आशा भी नहीं रही है, ऐसे रोगग्रस्त निराश

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुरुष जब आपके चरण–कमल की धूलि को शरीर पर लगाते हैं, तो वे स्वस्थ–निरोगी होकर कामदेव के समान सुन्दर दिखने लगते हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अक्षीण महाणसाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवति क्षुद्रोपद्रवशांतिकारिणी रोग कुष्ठ ज्वरोपशमनं कुरु–कुरु स्वाहा।

{फल :– रोग व्याधि सभी दूर हो जाते हैं।}

(४६) बंधन (कारागार) विमोचक

आपाद –कण्ठमुरूश्रृङ्खल – वेष्टिताङ्गा
गाढं बृहन्निगडकोटिनिघृष्टजङ्घाः।
त्वन्नाममन्त्रमनिशं मनुजाः स्मरन्तः
सद्यः स्वयं विगतबन्धभया भवन्ति।।४६।।

जो पैरों से लेकर गले तक मोटीं सांक़लों से बंधे हैं, बेड़ियों की रगड़ से जिनकी जांघे लहुलहान हो गई हैं, ऐसे कठोर कारागार में बंधे व्यक्ति भी भगवन् ! आपके नाम का अनवरत् – स्मरण करने पर बंधन–मुक्त हो जाते हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो सिद्धा दयादमाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो ह्रीं ह्रौं श्रीं ह्रँ ह्रः ठः ठः जः जः क्षाँ क्षीं क्षूँ क्षौं क्षः स्वाहा।

{फल :– बंधनों से मुक्ति मिलती है; बेड़ियाँ टूट जाती हैं।}

(४७) अस्त्रशस्त्र स्तम्भक

मत्तद्विपेन्द्र – मृगराज – दवानलाहि –
संग्राम – वारिधि – महोदर – बन्धनोत्थम्।
तस्याशु नाशमुपयाति भयं भियेव
यस्तावकं स्तवमिमं मतिमानधीते।।४७।।

जो बुद्धिमान मनुष्य भक्ति भावपूर्वक आपके इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह मदोन्मत्त हाथी, क्रुद्ध सिंह, दावानल, विषधर नाग, भयानक युद्ध, समुद्र, जलोदर (रोग) और कारागार (पीछे बताये गये) इन आठ प्रकार के भयों से सदा मुक्त रहता है। भय स्वयं ही उससे डर कर दूर चला जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शत्रुपक्ष को जीतकर विजयध्वजा फहराते हैं अर्थात्, आपका भक्त विजयश्री प्राप्त करता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो महुरा सवीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो चक्रेश्वरीदेवी चक्रधारिणी जिनशासन सेवाकारिणी क्षुद्रोपद्रवविनाशिनी धर्मशांतिकारिणी नमः शान्ति कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** विजय प्राप्त होती है, ऋद्धि वृद्धि मिलती है।}

(४४) सर्व विपत्ती विनाशक

अम्भोनिधौ क्षुभितभीषण – नक्रचक्र –
पाठीन – पीठ भयदोल्बणवाडवाग्नौ।
रंगतरंग – शिखरस्थित – यानपात्राः –
त्रासं विहाय भवतः स्मरणाद् व्रजन्ति ।।४४।।

जिस महासमुद्र में मगरमच्छ आदि भयानक जलचर उछालें मार रहे हों, वड़वानल (पानी की आग) की लपटें उठ रही हों, तूफानी हवाओं से ऊँची–ऊँची लहरें उछल रही हों, ऐसे समुद्र में जिनका जहाज फंस गया हो, वे जब आपका स्मरण करते हैं, तब सब विपदाओं से मुक्त हो सुखपूर्वक तट पर पहुंच जाते हैं, अर्थात् आपका भक्त जल–भय से मुक्त हो जाता है।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अमिय सवीणं।

मन्त्र :– ॐ नमो रावणायविभीषणायकुम्भकर्णाय लंकाधिपतये महाबल पराक्रमाय मनश्चिंतित् कुरु–कुरु स्वाहा।

{**फल :–** समुद्र का भय दूर होता है।}

(४५) जलोदर रोग नाशक

उद्भूतभीषणजलोदर – भरभुग्नाः
शोच्यां दशामुपगताश्च्युतजीविताशाः।
त्वत्पाद – पंकजरजो ऽ मृतदिग्धदेहा
मर्त्या भवन्ति मकरध्वजतुल्यरूपाः।।४५।।

हे भगवन् ! जो व्यक्ति जलोदर आदि दारुण रोगों से पीड़ित हैं, मूल्यवान् औषधियाँ लेते रहने पर भी बड़ी गम्भीर शोचनीय दशा में पहुँच गये हैं, घर वालों को उनके जीने की आशा भी नहीं रही है, ऐसे रोगग्रस्त निराश

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुरुष जब आपके चरण–कमल की धूलि को शरीर पर लगाते हैं, तो वे स्वस्थ–निरोगी होकर कामदेव के समान सुन्दर दिखने लगते हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो अक्षीण महाणसाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवति क्षुद्रोपद्रवशांतिकारिणी रोग कुष्ठ ज्वरोपशमनं कुरु–कुरु स्वाहा।

{फल :– रोग व्याधि सभी दूर हो जाते हैं।}

(४६) बंधन (कारागार) विमोचक

आपाद –कण्ठमुरूश्रृङ्खल – वेष्टिताङ्गा
गाढं बृहन्निगडकोटिनिघृष्टजङ्घाः।
त्वन्नाममन्त्रमनिशं मनुजाः स्मरन्तः
सद्यः स्वयं विगतबन्धभया भवन्ति।।४६।।

जो पैरों से लेकर गले तक मोटीं सांक़लों से बंधे हैं, बेड़ियों की रगड़ से जिनकी जांघे लहुलहान हो गई हैं, ऐसे कठोर कारागार में बंधे व्यक्ति भी भगवन् ! आपके नाम का अनवरत् – स्मरण करने पर बंधन–मुक्त हो जाते हैं।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो सिद्धा दयादमाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो ह्रीं ह्रौं श्रीं ह्रँ ह्रः ठः ठः जः जः क्षाँ क्षीं क्षूँ क्षौं क्षः स्वाहा।

{फल :– बंधनों से मुक्ति मिलती है; बेड़ियाँ टूट जाती हैं।}

(४७) अस्त्रशस्त्र स्तम्भक

मत्तद्विपेन्द्र – मृगराज – दवानलाहि –
संग्राम – वारिधि – महोदर – बन्धनोत्थम्।
तस्याशु नाशमुपयाति भयं भियेव
यस्तावकं स्तवमिमं मतिमानधीते।।४७।।

जो बुद्धिमान मनुष्य भक्ति भावपूर्वक आपके इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह मदोन्मत्त हाथी, क्रुद्ध सिंह, दावानल, विषधर नाग, भयानक युद्ध, समुद्र, जलोदर (रोग) और कारागार (पीछे बताये गये) इन आठ प्रकार के भयों से सदा मुक्त रहता है। भय स्वयं ही उससे डर कर दूर चला जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो वड्ढ माणाणं।

मन्त्र :– ॐ नमो ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रौं ह्रः यः क्षः श्रीं ह्रीं फट् स्वाहा।

{फल :– सभी दिशाओं में विजय प्राप्त होती है।}

(४८) सर्व सिद्धिदायक

स्तोत्रसजं तव जिनेन्द्र ! गुणैर्निबद्धां,
भक्त्या मया रूचिरवर्णविचित्रपुष्पाम्।
धत्ते जनों यह इह कण्ठगतामजस्रं
तं मानतुंगमवशा समुपैति लक्ष्मीः।।४८।

हे जिनेन्द्र देव ! मैंने भक्ति भाव से आपके गुणों की यह स्तोत्र माला रची है, जो मनोहर वर्ण (शब्द) रूप बहुरंगी भावों/पुष्पों से युक्त है, जो भक्तजन आपकी भक्ति में लीन होकर इस स्तोत्र माला को कण्ठ में धारण करेगा (अर्थात् इसे कण्ठस्थ कर निरन्तर पाठ करता रहेगा) वह जगत के ऊंचे से ऊंचे सम्मान को प्राप्त होगा तथा समृद्धि/स्वर्ग/मोक्षरूप लक्ष्मी स्वयं ही उसके पास चली आयेंगी।

ऋद्धि :– ॐ ह्रीं अर्हं नमो भयवदो महदि महावीर वड्ढमाणं बुद्धि रिसीणो

ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रौं ह्रः असियाउसा झ्रौं झ्रौं स्वाहा।

मन्त्र :– ॐ नमो भगवते महति महावीर वड्ढमाणं बुद्धिरिसीणं ऊँ ह्राँ ह्रीं ह्यूँ ह्रौं ह्रः असिआउसा झ्रौं झ्रौं स्वाहा।

{फल :– लक्ष्मी, सम्पत्ति व सुख प्राप्त होते हैं।}

।। अथ नवमं श्री बृहच्छान्ति स्तोत्रम् ।।

भो भो भव्याः ! शृणुत वचनं प्रस्तुतं सर्व्वमेतद् ।
ये यात्रायां त्रिभुवनगुरोरार्हता भक्तिभाजः ।
तेषां शान्तिर्भवतु भवतामर्हदादिप्रभावा–
दारोग्यश्रीधृतिमतिकरी क्लेशविध्वंसहेतुः ।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ :– हे भव्य प्राणियों ! आप सब समयोपयोगी इस वचन को सुनो, जो आर्हत–जैन तीनों लोक के गुरू तीर्थंकर की जन्माभिषेक की यात्रा में भक्ति रखते हैं, उन सबों को अरिहन्त, सिद्ध आदि के प्रभाव से शान्ति मिले, जिस से की आरोग्य, सम्पत्ति, धैर्य्य और बुद्धि प्राप्त हो तथा क्लेशों का नाश हो। ।।१।।

भो भो भव्यलोका ! इह हि भरतैरावतविदेहसंभवानां समस्ततीर्थकृतां जन्मन्यासनप्रकम्पानन्तरमवधिना विज्ञाय, सौधर्म्मा– धिपतिः सुघोषाघण्टाचालनानन्तरं सकलसुरासुरेन्द्रै सह समागत्य, सविनयमर्हद्– भट्टारकं गृहीत्वा गत्वा कनकादिशृङ्गे विहितजन्मा– भिषेकः, शान्ति– मुद्घोषयति यथा, ततोऽहं कुतानुकारमितिकृत्वा महाजनो येन गतः स पन्थाः इति भव्यजनैः सह समेत्य, स्नात्रपीठे स्नात्रं विधाय, शान्तिमृद्घोषयामि, तत्पूजायात्रास्नात्रादिमहोत्सवा– नन्तरमितिकृत्वा कर्ण दत्वा निशम्यतां निशम्यतां स्वाहा।।

अर्थ :– हे भव्यजनो ! इस लोक के बीच भरत, ऐरावत और महाविदेह क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले सभी तीर्थंकरों के जन्म काल में सौधर्म नामक प्रथम देवलोक के इन्द्र का आसन कंपित होता है। इसके बाद वह अवधिज्ञान से कंपन का कारण तीर्थंकर का जन्म को जान करके सुघोषा नामका अपना घंटा बजवाता है। इस के बाद अनेक सुर–असुरों के साथ वह इन्द्र जन्म स्थान में आकर विनयपूर्वक "भावी–अरिहन्त उस बालक" को उठा करके सुमेरू पर्वत के शिखर पर जाकर जन्माभिषेक करके शान्ति की घोषणा करता है। अतः मैं भी भव्य के साथ होकर स्नात्र–पीठ (स्नान की चौकी) पर स्नात्र करके शान्ति की घोषणा करता हूँ। क्योंकि सब कोइ किये हुयें कार्य का अनुकरण करते हैं और अच्छे लोग जिस मार्ग से गये हों वही दूसरे के लिये मार्ग बन जाता है। इस लिये सब लोग कान लगाकर अवश्य सुनिये, स्वाहा।

ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रीयन्तां प्रीयन्तां भगवन्तोऽर्हन्तः सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनस्त्रिलोकनाथास्त्रिलोकमहितास्त्रिलोकपूज्यास्त्रिलोकेश्वरास्त्रिलोकोद्योतक राः।।

अर्थ :– ॐ, यह दिन अति पवित्र है, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, तीनों लोक के स्वामी, तीनों लोक से पूजित, तीनों लोक के पूज्य, त्रिलोक के ऐश्वर्य को धारण करने वाले और तीनों लोक में ज्ञान के प्रकाश को फैलाने वाले ऐसे अरिहन्त भगवान् परम प्रसन्न हों।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ऋषभअजित–संभव–अभिनन्दन–सुमति–पद्मप्रभसुपार्श्व चन्द्रप्रभ–सुविधि–शीतल–श्रेयांस –वासुपूज्य–विमल–अनन्त–धर्म्म– शान्ति कुन्थु–अर–मल्लि–मुनि–सुव्रत–नमि–नेमि–पार्श्व–वर्द्धमानान्ता जिनाः शान्ताः शान्तिकरा भवन्तु स्वाहा।।

अर्थ :– ॐ, शान्ति को पाये हुये ऋषभदेव, अजितनाथ, सम्भवनाथ, अभिनन्दन, सुमतिनाथ, पद्मप्रभ, सुपार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभ, सुविधिनाथ, शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्य, विमलनाथ, अनन्तनाथ, धर्मनाथ, शान्तिनाथ, कुन्थुनाथ, अरनाथ, मल्लिकुमारी, मुनिसुव्रत, नमिनाथ, नेमिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और वर्धमान (महावीर स्वामी) पर्यंत चौबीसों जिनेश्वर सबके शान्ति के लिए हों, स्वाहा।।

ॐ मुनयो मुनिप्रवरा रिपुविजयदुर्भिक्षकान्ता रेषु दुर्ग्गमार्गेषु रक्षन्तु वो नित्यं स्वाहा।।

ॐ ह्रीं श्रीं धृति–मति–कीर्त्ति–कांति–बुद्धि–लक्ष्मी–मेधा–विद्यासाधन–प्रवेश–निवेशनेषु सुगृहीतनामानो जयन्तु ते जिनेन्द्राः।।

अर्थ :– ॐ, मुनियों में श्रेष्ठ मुनियों, शत्रुओं पर विजय पाने में, अकाल के समय में, घने जंगलो में और बीहड़ रास्तो में हम सबों की रक्षा करें, स्वाहा।

ॐ ह्रीं, श्रीं, धीरज, मननशक्ति, यश, सुन्दरता, ज्ञानशक्ति, सम्पत्ति, धारणाशक्ति और शास्त्रज्ञान की साधना करते समय में तथा साधना की विधि में प्रवेश करते समय, उसमें रहते समय, साधक लोग जिनके नाम को विधिपूर्वक पढ़ते हैं, वे जिनेश्वर जय युक्त रहें।

ॐ रोहिणी–प्रज्ञप्ति–वज्रशृङ्खला–वज्रांकुशी–अप्रति–चक्रा पुरू–षदत्ता–काली–महाकाली–गौरी– गान्धारी–सर्वास्त्रा–महाज्वाला–मानवी–वैरोट्या–अच्छुप्ता–मानसी–महामानसी षोडश विद्यादेव्यो रक्षन्तु वो नित्यं स्वाहा।।

अर्थ :– ॐ, रोहिणी, प्रज्ञप्ति, वज्रशृङ्खला, वज्रांकुशी, अप्रतिचक्रा, पुरुषदत्ता, काली, महाकाली, गौरी, गान्धारी, सर्वास्त्रा, महाज्वाला, मानवी, वैरोट्या, अच्छुप्ता, मानसी, और महामानसी नामक सोलह विद्याधिष्ठायिका देवीयाँ, तुम लोगों की सर्वदा रक्षा करें, स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ आचार्योपाध्यायप्रभृतिचातुर्वर्णस्य श्रीश्रमणसङ्घस्य शान्तिर्भवतु तुष्टिर्भवतु पुष्टिर्भवतु।।

अर्थ :– ॐ, आचार्य, उपाध्याय, आदि जो चतुर्वर्ण श्री श्रमण संघ है उसको शान्ति, तुष्टि और पुष्टि प्राप्त हो।

ॐ ब्रहाश्चन्द्रसूर्याङ्गारकबुधबृहस्पतिशुक्रशनैश्चरराहुकेतुसहिताः सलोकपालाः सोमयमवरुणकुवेरवासवादि–त्यस्कन्दविनायकोपेत्ता ये चान्येऽपि ब्रामनगरक्षेत्रदेवतादयस्ते सर्व्वे प्रीयन्तां–प्रीयन्तां। अक्षीणकोश–कोष्ठागारा नरपतयश्च भवन्तु स्वाहां।

अर्थ :– ॐ, चन्द्र, सूर्य, मंगल, बुध, बृहस्पिति, शुक्र, शनैश्चर, राहु और केतु ये ग्रहों के साथ लोकपाल– सोम, यम, वरुण, कुबेर, इन्द्र, आदित्य, स्कन्ध और विनाशक तथा दूसरे ग्राम, नगर क्षेत्र के देव सब परम प्रसन्न हों, और राजगण, अटूट खजाने तथा कोठार वाले बने रहें, स्वाहा।

ॐ पुत्र मित्र–भातृ कलत्र सुहृत्–स्वजन–सम्बन्धि– बन्धुवर्गसहिता नित्यं चामोदप्रमोदकारिणः अस्मिंश्च भूमण्डलायतन–निवासिसाधुसाध्वीश्रावकश्राविकाणां रोगोपसर्गव्याधिदुःखदुर्भिक्षदौर्मन–स्योपशमनाय शान्तिर्भवतु।।

ॐ तुष्टिपुष्टिऋद्धिवृद्धिमाङ्गल्योत्सवाः।
सदा प्रादुर्भूतानि पापानि शाम्यन्तु दुरितानि।
शत्रवः पराङ्मुखा भवन्तु स्वाहा।

अर्थ :– ॐ, तुम सब अपने–अपने पुत्र, मित्र, भाई, स्त्री, हितैषी, कुटुम्बी, रिश्तेदार और स्नेही वर्गो के साथ नित्य आमोद–प्रमोद करने वाले आनन्दित रहो। इस पृथ्वी पर अपनी–अपनी मर्यादा में रहने वाले जो साधु–साध्वी, श्रावक–श्राविकाएँ हैं, उनके रोग, परीषह, व्याधि, दुःख, दुर्भिक्ष और शोक की शान्ति के लिए शान्ति (श्री शान्तिनाथ प्रभु) हो।

ॐ, तुष्टि, पुष्टि, समृद्धि, वृद्धि, मंगल और उत्सव सर्वदा हो तथा जो कठिन पाप कर्म उदय हुये हों, वें हमेशा के लिए शान्त हों और जो शत्रु है वे पराङ्मुख हो अर्थात् हार कर भग जाये, स्वाहा।

श्रीमते शान्तिनाथाय, नमः शान्तिविधायिने।
त्रैलोक्यस्यामराधीश मुकुटाभ्यर्चिताङ्घ्रये।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ :– तीनों लोक के शान्तिकारक और इन्द्र के मुकुट से पूजित चरण श्री शान्तिनाथ को नमस्कार हो ।।१।।

शान्तिः शान्तिकरः श्रीमान्, शान्ति दिशतु मे गुरुः।
शान्तिरेव सदा तेषां, येषां शान्तिर्गृहे गृहे।।२।।

अर्थ :– शान्ति को करने वाले श्रेष्ठ श्री शान्तिनाथ मुझे शान्ति को देवें, जिनके प्रत्येक घर में शान्तिनाथ विराजमान हैं उनको सर्वदा शान्ति ही है।।२।।

उन्मृष्टरिष्टदुष्टग्रहगतिदुःस्वप्नदुर्निमित्तादि।
संपादितहितसंपन्नामग्रहणं जयति शान्तेः ।।३।।

अर्थ :– अरिष्ट– विघ्न, दुष्ट ग्रहों की गति, अशुभ स्वप्न और अशुभ शुकन आदि जिससे दूर हो जाते हैं, ऐसा श्री शान्तिनाथ भगवान् के 'नामोच्चारण' जप प्राप्त होती है।।३।।

श्री सङ्घजगज्जनपद–राजाधिपराजसन्निवेशानाम्।
गोष्ठिकपुरमुख्याणां, व्याहरणैर्व्याहरेच्छान्तिम्।।४।।

अर्थ :– संघ, जगत, जनपद, राजाधिप, राजसन्निवेश, गौष्ठिक और प्रधान ग्रामों के नाम–उच्चारण के साथ शान्तिपद का उच्चारण करना चाहिये।।४।।

श्रीश्रमणसङ्घस्य शान्तिर्भवतु। श्रीजनपदानांशान्तिर्भवतु। श्री राजाधिपानां शान्तिर्भवतु। श्रीराजसन्निवेशानां शान्तिर्भवतु श्रीगोष्ठिकानां शान्तिर्भवतुः श्रीपारैमुख्याणां शान्तिर्भवतु। श्रीपौरजनस्य शान्तिर्भवतु। श्री ब्रह्मलोकस्य शान्तिर्भवतु। ॐ स्वाहा ॐ स्वाहा ॐ श्री पार्श्वनाथाय स्वाहा।।

अर्थ :– श्री श्रमण संघ को शान्ति हो, देश वासियों को शान्ति हो, राजाओं के स्वामियों को शान्ति हो, राजाओं के निवास में शान्ति हो, सभ्य लोगों में शान्ति हो, शहर के अगुओं में शान्ति हो, नगर निवासियों में शान्ति हो और ब्रह्मलोक में शान्ति हो, ॐ स्वाहा, ॐ स्वाहा, ॐ श्री पार्श्वनाथाय स्वाहा।

एषा शान्तिः प्रतिष्ठायात्रास्नात्राद्यवसानेषु। शान्तिकलशं गृहीत्वा, कुङ्कुमचन्दनकर्पूरागुरुधूपवासकुसुमाञ्जलिसमेतः। स्नात्रच– तुष्किकायां श्रीसङ्घसमेतः शुचिशुचिवपुः पुष्पवस्त्रचन्दनाभरणालङ्कृतः पुष्पमालां कण्ठे कृत्वा, शान्तिमुद्घोषयित्वा शान्तिपानीयं मस्तके दातव्यमिति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ :– प्रतिष्ठा, यात्रा और स्नान आदि उत्सवों के अन्त में इस शान्ति को पढ़ना चाहिये। (इसकी विधि) शान्ति करने वाला शान्ति कलश को पकड़कर कुंकुम, चंदन, कपूर .और अगर के धुप के सुगन्ध से युक्त तथा अंजलि में फलों को लेकर 'स्नात्र–भूमि' में श्री संघ के सहित शरीर को शुद्ध बनाकर फूल, वस्त्र, चन्दन और आभूषणों से सजकर तथा गले में फूल की माला पहनकर शान्ति की घोषणा करें, इसके बाद संघ के शिर पर शान्तिजल को छिड़कावें।

नृत्यंति नृत्यं मणिपुष्पवर्ष,सृजन्ति गायन्ति च मङ्लानि।
स्त्रोत्राणि गोत्राणि पठन्ति मन्त्रान्, कल्याण भाजो हि जिनाभिषेके।।१।।

अर्थ :– तीर्थंकरों के अभिषेक के समय पुण्यशाली नाचते हैं, रत्न और फूलों की वर्षा करते हैं, मांगलिक गान करते हैं, और भगवान् के स्तोत्र, नाम और मंत्रो को नित्य पढ़ते हैं।।१।।

शिवमस्तु सर्व्वजगतः, परहितनिरता भवन्तु भूतगणाः।
दोषाः प्रयान्तु नाशं, सर्वत्र सुखी भवन्तु लोकाः।।२।।

अर्थ :– सारे संसार का कल्याण हो, प्राणी वर्ग परोपकार में तत्पर हों, सब दोष नाश हो, सब जगह लोक सुखी हो।।२।।

अहं तित्थयरमाया, सिवादेवी तुम्ह नयरनिवासिनी।
अम्ह सिवं तुम्ह सिवं, असिवोवसमं सिवं भवतु स्वाहा।।३।।

अर्थ :– मैं शिवादेवी तीर्थंकर की माता हूँ और तुम्हारे नगरों में निवास करनेवाली हूँ, हमारा तथा तुम्हारा कल्याण हो और उपद्रवों की शान्ति हो, कल्याण हो, स्वाहा।।३।।

उपसर्ग्गाः क्षयं यान्ति, छिद्यन्ते विघ्नवल्लयः।
मनः प्रसन्नतामेति, पूज्यमाने जिनेश्वरे।।४।।

अर्थ :– श्री जिनेश्वर भगवान् को पूजने पर सब उपद्रव नाश होते हैं और विघ्न (बाधा) रूपी लतायें कट जाती हैं तथा मन प्रसन्नता को प्राप्त करता है।।४।।

सर्व्वमङ्गलमाङ्गल्यं, सर्व्वकल्याणकारणम्।
प्रधानं सर्व्वधर्माणां जैनं जयति शासनम्।।५।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थ :– सब मंगलों में मंगल, सब कल्याणों के कारण और सब धर्मों में श्रेष्ठ जिनेश्वर समबन्धी शासन जय को पावे।।५।।

।। श्री लघुशान्तिस्तवः ।।

शान्ति शान्तिनिशान्तं, शान्तं शान्ताशिवं नमस्कृत्य।
स्तोतुः शान्तिनिमित्तं, मंत्रपदैः शान्तये स्तौमि।।१।।

ओमितिनिश्चितवचसे, नमो नमो भगवतेऽर्हते पूजाम्।
शान्तिजिनाय जयवते, यशस्विने स्वामिने दमिनाम्।।२।।

सकलातिशेषकमहा – संपत्तिसमन्विताय शस्याय।
त्रैलोक्यपूजिताय च, नमो नमः शान्तिदेवाय।।३।।

सर्वामरसुसमूह – स्वामिकसंपूजिताय न जिताय।
भुवनजनपालनोद्यत तमाय सततं नस्तस्मै।।४।।

सर्वदुरितौघनाशन – कराय सर्वाशिवप्रशमनाय।
दुष्टग्रहभूतपिशाच – शकिनीनां प्रार्थनाय।।५।।

अर्थ :– शान्ति के मन्दिर रूप, राग–द्वेष रहित, उपद्रवों को शान्त करने वाले, तथा स्तुति करनेवाले को शान्ति के कारणरूप श्री शान्तिनाथ भगवान् को नमस्कार करके मन्त्रों के पदों से शान्ति करने के लिए मैं स्तुति करता हूँ।।१।।

ॐ ऐसे निश्चित वचनवाले, पूजा के लायक, जय को पाने वाले, यशस्वी (यश के लायक) और इन्द्रियों के दमन (वश) करने वाले साधुओं के स्वामी भगवान् श्री शान्तिनाथ जिनेश्वर को बारंबार नमस्कार हो।।२।।

संपूर्ण अतिशय रूप महा सम्पत्तियों से युक्त, प्रशंसा करने के योग्य, तीनों लोक के प्राणियों से पूजित, श्री शान्तिनाथ देव को बारंबार नमस्कार हो।।३।।

सब देवताओं के समूह तथा उनके स्वामी–इन्द्र से पूजित, किसी से न जीतने वाले, तीनों लोक के प्राणियों को पालन करने में बहुत उत्सुक–तैयार उन श्री शान्तिनाथ (भगवान्) को निरन्तर नमस्कार हो।।४।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सब पाप–समूह के नाशक, सब उपद्रव के शान्त करने वाले, दुष्ट् ग्रह–भूत–पिशाच और शाकिनियों का मंथन करने वाले श्री शान्तिनाथ भगवान् को नमस्कार हो।।५।।

यस्येति नाममन्त्र – प्रधानवाक्योपयोगकृततोषा।
विजया कुरुते जनहितमिति च नुता नमत तं शान्तिम्।।६।।

भवतु नमस्ते भगवति !, विजये ! सुजये परापरैजिते !
अपराजिते ! जगत्यां, जयतीति जयावहे भवति ! ।।७।।

सर्वस्यापि च संघस्य, भद्रकल्याणमङ्गलप्रददे।
साधूनां च सदाशिव – सुतुष्टिपुष्टिप्रदे जीयाः।।८।।

भव्यानां कृतसिद्धे ! निर्वृत्तिनिर्वाणजननि ! सत्वानाम्।
अभयप्रदाननिरते !, नमोऽस्तु स्वस्तिप्रदे ! तुभ्यम्।।९।।

भक्तानां जन्तूनां, शुभावहे नित्यमुद्यते देवि !।
सम्यग्दृष्टीनां धृति – रमिमतिबुद्धिप्रदानाय ।।१०।।

अर्थ :– जिस शान्तिनाथ भगवान् के इस तरह पहले कहे हुये नाम–मंत्ररूप उत्तम वाक्य के उपयोग से संतुष्ट होकर तथा इसी तरह प्रणाम करने पर विजया देवी लोगों का कल्याण करती हैं, उस शान्तिनाथ भगवान् को तुम लोग नमस्कार करो।।६।।

जगत में जय पा रही है, इसी कारण औरों को भी जय दिलाने वाली, बड़ों से और छोटों से अजित्, पराजय को अप्राप्त, सुन्दर जय वाली, हे श्रीमती भगवती विजयादेवी ! आप को नमस्कार हो।।७।।

सब संघ को सुख–शान्ति और मंगल देनेवाली, तथा साधुओं के सर्वदा कल्याण और संतोष की पुष्टि करनेवाली ! हे देवी ! आपकी जय हो।।८।।

भव्य प्राणियों को सिद्धि देनेवाली, सुख और मोक्ष को उत्पन्न करने वाली, सब प्राणियों को अभयदान देने वाली, कल्याण को देने वाली! हे देवी ! आपको प्रणाम हो।।९।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भक्तिवाले प्राणियों को शर्म (आश्रय) करने वाली, सम्यग्दृष्टिवाले जीवों को धीरज, प्रीति, मति और बुद्धि को देने के लिए हमेशा तैयार रहने वाली हे देवी ! आप जय को प्राप्त करें।।१०।।

जिनशासननिरतानां, शान्तिनतानां च जगति जनतानां।
श्रीसंपत्कीर्त्तियशो–वर्द्धनि ! जयदेवि ! विजयस्व।।११।।

सलिलानलविषविषधर – दुष्टग्रहराजरोगरणभयतः।
राक्षसरिपुगणमारी – चौरेतिश्वापदादिभ्यः।।१२।।

अथ रक्ष रक्ष सुशिवं, कुरु कुरु शान्ति च कुरु कुरु सदेति।
तुष्टिं कुरु कुरु पुष्टिं, कुरु कुरु स्वस्तिं च कुरु कुरु त्वं।।१३।।

भगवति ! गुणवति ! शिवशान्ति तुष्टिपुष्टिम्वस्तीह कुरु कुरुजनानाम्।
ओमिति नमो नमो ह्रां ह्रीं ह्रुँ ह्रः यः क्षः ह्रीं फुट् फुट् स्वाहा।।१४।।

एवं यन्नामाक्षर – पुरस्सरं संस्तुता जयादेवी।
कुरुते शान्ति नमतां, नमो नमः शान्तये तस्मै।।१५।।

अर्थ :– जिनशासन के विषय में रहे हुये और शान्तिनाथ को प्रणाम करने वाले जनसमूह की लक्ष्मी, सम्पत्ति, कीर्ति और यश को बढ़ाने वाली हे देवी ! आप इस संसार में जय को प्राप्त करें और विजय को पायें।।११।।

जल, अग्नि, विष, सर्प, दुष्टग्रह, राजा, रोग और लड़ाई के भय से तथा राक्षस, शत्रु का समूह, मरकी आदि रोग, चोर आदि– सात प्रकार के दुःख तथा सिंहादिक हिंसक पशुओं से अब आप रक्षा करें। अतिशय कल्याण को–बारंबार करें, और शान्ति को फिर–फिर करें, सर्वदा इस तरह संतोष को बारंबार कर, तथा पुष्टि को बार–बार करें, और कल्याण को बार–बार करें।।१२–१३।।

गुणवाली हे भगवती देवी ! इस संसार में लोगों के सुख–शान्ति–संतोष–पुष्टि और कल्याणों को बार–बार करें, तथा ओम्–रूप आप को 'ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रः यः क्षः ह्रीं फुट्–फुट् स्वाहा' इन मन्त्रों के अक्षरों से आपको बारंबार नमस्कार हो।।१४।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस प्रकार जिस के नाम के अक्षर के साथ स्तुति की हुई जयादेवी नमस्कार करनेवाले जीवों की शान्ति को करती है उस श्री शान्तिनाथ भगवान् को बार–बार नमस्कार हो।।१५।।

इति पूर्वसूरिदर्शित–मन्त्रपदविदर्भितः स्तवः शान्तेः।
सलिलादिभयविनाशी, शान्त्यादिकरश्च भक्तिमताम्।।१६।।

यश्चैनं पठति सदा, शृणोति भावयति वा यथायोगमं।
स हि शान्तिपदं यायात् सूरिः श्रीमान्देवश्च।।१७।।

उपसर्ग्गाः क्षयं यान्ति, छिद्यन्ते विघ्नवल्लयः।
मनः प्रसन्नतामेति, पूज्यमाने जिनेश्वरे।।१८।।

सर्वमङ्गलमाङ्गल्यं, सर्वकल्याणकारणम्।
प्रधानं सर्वधर्माणां, जैनं जयति शासनम्।।१९।।

अर्थ :– इस तरह पूर्वाचार्यों के दिखलाये हुये मंत्रों के पदों से रचा हुआ श्री शान्तिनाथ का स्तव (स्तवन–स्तुति) भक्तिवाले जीवों के पानी, अग्नि आंदि भय का नाश करनेवाला और शान्ति आदिको करने वाला है।।१६।।

जो प्राणी इस स्तुति कों बराबर विधिपूर्वक (भक्ति से) पढ़ता है, सुनता है और मनन करता है वह प्राणी और श्रीमानदेवसूरि शान्ति पद–मुक्ति पद को अवश्य प्राप्त करता है।।१७।।

श्री जिनेश्वर भगवान् को पूजने पर सब उपद्रव नाश होते हैं, और विघ्न (बाधा) रूपी लतायें कट जाती हैं तथा मन प्रसन्न होता है।।१८।।

सब मंगल, सब कल्याणों के कारण और सब धर्मो में श्रेष्ठ जिनेश्वर सम्बन्धी शासन जय को पावे।।१९।।

।।श्री ग्रहशान्ति स्तोत्रम्।।

जगद्गुरूं नमस्कृत्य, श्रुत्वा सद्गुरूभाषितम्।
ग्रहशान्तिं प्रवक्ष्यामि, भव्यानां सुखहेतवे।।१।।

जिनेन्द्रैः खेचरा ज्ञेयाः, पूजनीया विधिक्रमात्।
पुष्पै– र्विलेपनैधुपै – नेवेद्यैस्तुष्टि हेतवे।।२।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पद्मप्रभस्य मार्तण्ड – श्चन्द्रश्चप्रभस्य च।
वासुपूज्यस्य भूपुत्रो, बुधस्याऽष्टौ जिनेश्वरा।।३।।

विमलानन्त धर्माऽराः, शान्तिः कुंथुर्नमिस्तथा।
वर्धमानो जिनेन्द्राणां, पादपद्मे बुधा न्यसेत्।।४।।

ऋषभाजित सुपार्श्वा, श्चाभिनन्दन शीतलौ।
सुमतिः संभवस्वामी, श्रेयांसश्च बृहस्पति।।५।।

सुविधेः कथितः शुक्रः, सुव्रतस्य शनैश्चरः।
नेमिनाथस्य राहुः स्यात्, केतुः श्रीमल्लिपार्श्वयो।।६।।

जन्म लग्ने च राशौ च, यदा पीडयन्ति खेचराः।
तदा सपूजयेद् श्रीमान्, खेचरैः सहितान् जिनान्।।७।।

पुष्पगन्धादिभि धुपै, – नैवेद्यैः फलसंयुतैः।
वर्णसदृश दानैश्च, वस्त्रैश्च दक्षिणान्वितैः।।८।।

ॐ आदित्य–सोम–मंगल–बुध–गुरू–शुक्र–शनैश्चर–
राहु–केतु सहिताः खेटाजिन पति पुरत्तोऽवतिष्ठन्तु।
जिनानामग्रतः स्थित्वा, ग्रहाणां शान्तिहेतवे।
नमस्कार शतं भक्त्या, जपेदष्टोत्तरं शतम्।।९।।

भद्रबाहु रुवाचैवं, पंचमः श्रुतकेवली।
विद्याप्रवादतः पूर्वाद्, ग्रहशान्तिविधि श्रुतम्।।१०।।

जिनेन्द्र भक्त्या जिनभक्ति भाजां, येषां च पूजा
बलिपुष्पधुपैः।
ग्रहा गता प्रतिकुलतां च, ते सानुकुला वरदा
भवन्तु।।११।।

सुबह उठने की विधि

नींद खुलते ही बिस्तर में ही बैठकर दोनों हाथ जोड़कर आठ कर्मों का नाश करने हेतु आठ नवकार गिनना चाहिए। हाथ जोड़ते वक्त दोनों अंगूठे आमने–सामने होने चाहिए तथा अंगुलियों को एक–दूसरे में फँसा कर। जीमने हाथ की अंगुलियों को ऊपर रखना चाहिए।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

फिर, दोनों हाथ खोलकर सिद्धशिला पर बिराजमान (२४) चौबीस तीर्थंकर आदि अनंत सिद्धों की कल्पना करके वन्दन करना चाहिए।

बाद में, देव, गुरु एवं माता–पिता को मानसिक नमस्कार करके आत्म–निरीक्षण/चिन्तन करें– "मैं कौन हूँ ?– "मेरा कर्तव्य क्या है ?" –– इत्यादि। उसके बाद, जिस ओर की सांस चलती हो उस तरफ का पाँव सर्व प्रथम जमीन पर रखकर उठना चाहिए।

मंगलाचरण

गाऊँ मंगलाचरण प्रभु का (टेर)

प्रातःकाल उठ सुमिरन करता।
निशदिन तेरे चरणों में झुकता।
कैसे पाऊं दर्श प्रभु का।। गाऊँ मंगला ..... ।

जो जन तेरी सेवा करता।
हरदम जग में हँसता रहता।
मुक्ति दास कहावे प्रभु का।। गाऊँ मंगला ....।

कुमति हरिये सुमति दीजे।
भूलचूक पर ध्यान न दीजे।
हम सब गायें गीत प्रभु का।। गाऊँ मंगला ....।

एक बार प्रभु हाथ पकड़ लो।
भव सागर से पार लगा दो।
बाल मण्डल है शरण तिहारी।। गाऊँ मंगला ..।

जिन मंदिर दर्शन–विधि

जिन मन्दिर में दर्शनार्थ जाने के समय खान–पान की सभी वस्तुएँ त्याग करके, मुख में पान वगैरह हो तो कुल्ला करके एवं हाथ धोकर मन्दिर में प्रवेश करते वक्त तीन बार – "निःसीहि, निःसीहि, निःसीहि" कहकर जाना चाहिए। मन्दिर में चढ़ाने के लिए मेवा, मिष्ठान्न इत्यादि ले जाना हो तो उसकी कोई मनाही नहीं है, किन्तु मन्दिर में गई हुई खाने–पीने की कोई भी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सामग्री अपने खाने–पीने के काम में नहीं आती है। कुछ लोग पान खाते हुए या मुँह में सुपारी, इलायची खाते ही मन्दिर में जाते हैं, यह नियम विरुद्ध है।

मन्दिर में प्रवेश करने पर प्रभु मुद्रा को देखते ही, दोनों हाथ जोड़कर मस्तक नवाकर, हर्ष के साथ प्रभु गुणगान की कोई एक स्तुति बोलनी चाहिए।

भगवान् की मूर्ति के सामने बोलने के दोहे

दर्शनं देवदेवस्य, दर्शनं पाप नाशनं।
दर्शनं स्वर्ग सोपानं, दर्शन मोक्ष साधनं।।१।।

प्रभुदर्शन सुखसंपदा, प्रभुदर्शन नवनिध।
प्रभुदर्शन से पामिए, सकल पदारथ सिद्ध।।२।।

भावे जिनवर पूजिए, भांवे दीजे ज्ञान।
भावे भावना भाविए भावे केवल–ज्ञान।।३।।

जीवडा जिनवर पूजिए, पूजाना फल होय।
राजा नमे प्रजा नमे, आण न लोपे कोय।।४।।

प्रभु नाम की औषधि, सच्चे मन से खाय।
रोग–शोक व्यापे नहीं, आधि–व्याधि टल जाय।।५।।

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमो प्रभुः।
मंगलं स्थूलीभद्राद्याः, जैनधर्मोऽस्तु मंगलं।।६।।

अंगुठे अमृत बसे, लब्धितणा भंडार।
श्रीगुरु गौतम समरिए, मनवांछित फ़लदातार।।७।।

अर्हन्तो भगवन्त इन्द्रमहिताः, सिद्धाश्च सिद्धिस्थिताः।
आचार्या जिनशासनोन्नतिकराः, पूज्या उपाध्यायकाः।
श्री सिद्धान्त सुपाठका मुनिवरा, रत्नत्रयाराधकाः।
पंचैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं, कुर्वन्तु नो मंगलं।।८।।

फिर नीचे बैठकर जीमना गोड़ा नीचा, डावा गोड़ा ऊँचा करके अंजलि बाँधकर इस प्रकार चैत्यवंदन करना चाहिये–

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री पंचतीर्थनुं चैत्यवंदन

सकल कुशल वल्लि पुष्करावर्तमेघो दुरिततिमिर भानु।
कल्पवृक्षोपमान भवजलनिधि पोतः स भवतु श्रीपार्श्वनाथ।।

